
हदYOसव
मनोज Paण्डेय

हृदयोत्सव

प्रस्तुति

मनोज पाण्डेय

हृदयोत्सव

<u>प्रस्तावना</u>

दुनिया में जो सबसे सुन्दर परमेश्वर की कृती हैं वह स्त्रि और पुरुष हैं इनको ही पुरुष और प्रकृत कहते हैं और इनमें ही अद्भूत आकर्षण हैं जिसके कारण यह एक दूसरें को मरते दम तक आकर्षित करते हैं। इस अद्भुत आकर्षण को ही प्रेम के नाम से जानते है यह अद्भूत और अलौकिक है क्योंकि यह प्रेम ही है जो आपको एक ऐसे लोक में ले कर जाता है जिसकी आपने कल्पना नहीं कर सकते है। रहते तो आप संसार में हैं लेकिन आपको अनुभव किसी स्वर्ग में रहने के समान होता है। यह स्वर्ग का द्वार है इस प्रेम से हो कर लोगों ने अपने अन्तःकरण में विद्यमान परमेश्वर रूप देवी देवता कि यात्रा करते है यह मान व अस्तित्व को शुद्ध निर्मल और पवित्र बनाता है। यह सद्गुणों की खान है इसके आने से ही आपके जीवन में सत्य, दया, करुणा, मुदिता, आनंद की अनुभूती होती है, ऐसा इस लिए है क्योंकि यह प्रेम सिर्फ़ पवित्र और निर्मल हृदय में ही एक फुल की तरह से खिलता है। प्रेम कोई वासना नहीं है प्रेम शुद्ध हमारी आत्मा की खुशबु है, जबकी आज के समय में जिसको प्रेम के रूप में प्रचारित किया गया है। या किया जा रहा है वह मात्र शरीर के आकर्षण के कुछ भी नहीं यह प्रेम मुर्दा है इसमें आत्मा नहीं है, जिस प्रेंम में आत्मा होती हैं कुछ ऐसे ही प्रेमी प्रेमिकाओं के प्रेम की खुशबु से आपको सराबोर करने का इरादा मैं रखता हुं। यह हमारी प्राचिन आत्मा का विसद सागर है जिसमें गोते लगाने से सायद आपको भी अपने हृदय में विद्यमान अपने आत्मा का स्वाद मिल जाये। क्योंकि यह आत्मा के संगीत का प्रथम श्रोत हैं।

प्रेम सिर्फ़ इंसान या जीव मात्र के बीच नहीं होता बल्कि पानी की संगीतमय छल-छलाहट, हवा के लयबद्ध स्पंदन, दरख्तों की झूमती हुई डालियों, पत्तियों की मासूम मरमराहट, झरनों के फेनिल दूधिया

जल प्रपात और पुष्प के खिलने के रोमांच में भी प्रेम ही है। ये सब क्रियाएँ प्रकृति का अपने होने के एहसास और धरती पर प्रेम के अस्तित्व का मौन प्रस्तुतीकरण है। प्रेम एक एहसास है, प्रकृति के द्वारा जीव मात्र को दिया गया धरती का सबसे बड़ा वरदान। तमाम अनसुलझे सवालों का एकमात्र जवाब है प्रेम। विशुद्ध प्रेम वासना रहित होता है। प्रेम और हिंसा एक साथ नहीं रह सकते।

प्रेम उतना ही सरल उतना ही जटिल और उतना ही रहस्यमय है जितना जीवन और मृत्यु का तिलिस्म। प्रेम को किसी परिभाषा या शब्दों में नहीं बांधा जा सकता। ना ही किसी उम्र, वर्ग, जाति, धर्म में इसे बांटा जा सकता है। ये तो मनुष्य मात्र के अपने दंभ और अवसाद हैं।

चित्रकला, नाटक, कहानियाँ, कविताएँ-प्रेम की अनुभूति, यात्रा और निष्कर्ष तो पेश कर सकती हैं लेकिन प्रेम का मर्म नहीं। प्रेम वही है जो सहज और सर्व स्वीकार्य है, हमारे यहाँ प्रेम और हिंसा साथ चलते हैं, लैला मजनू, शीरी फरहाद, अनारकली सलीम, शकुंतला दुष्यंत जैसे उदाहरणों में स्त्री-पुरुष प्रेम की पराकाष्ठा है। लेकिन उनके विरोधियों का व्यवधान इस प्रेम को हिंसक बनाता है। विरोधाभासी प्रेम की परिणति दुखद ही होती है, जबकि प्रेम तो सिर्फ़ शुरुआत है जिसकी कोई परिणति कोई अंत होता ही नहीं हैं। अंत सिर्फ़ देह का होता है प्रेम का नहीं होता है। प्रेम की ऐसी ही अद्भुत मिसालें यहाँ भरी पड़ी हैं जिनकी देह खो चुकी है पर प्रेम ज़िंदा हैं।

आचार्य मनोज पाण्डेय

महाविद्यालय गुरुकुल झज्जर (हर.)

भूमिका

जीवन ज्ञान से बन रहा है, और यह जीवन एक सागर की तरह से है, जिसके दो किनारे हैं। एक अज्ञान है और दूसरा ज्ञान है, और यह जीवन रूपी सागर बहुत गहरा है। प्रायः संसार सागर में ऐसे लोगों की संख्या अधिक होती है, जो जीवन रूपी सागर की गहाराई में गोता लगाने कि तुलना में जीवन सागर की सतह पर तैरने में ही आस्था और विश्वास रखते हैं। इसके पिछे मुख्य कारण है कि लोगों को इसके लिए ही तैयार किया जाता है, इसी को संस्कार और शिक्षा कहा जाता है। कुछ ऐसे भी लोग होते हैं जो जीवन के विशाल शागर में गोता लगाते हैं, और इस कला में महारत हाशिल करते हैं। जो जीवन सागर के सतह पर ही तैरते हैं वह बहुत प्रकार कि लौकिक समृद्धि को उपलब्ध करने में समर्थ होते है। दूसरें जो जीवन रूपी सागर गोता लगाते है, उनको आंतरिक और बाहरी अर्थात लौकिक और पारलौकिक दोनो प्रकार की समृद्धि प्राप्त होती है। जो उनकी एक पिढ़ी से दूसरी पिढ़ी में हस्तारंतरित होती है। जिसमें से एक तरह के दैवता और दूसरें दैत्य किस्म के होते हैं। अब आप स्वयं निर्णय किजियें कि आप किसकी संतान हैं देवता कि हैं या फिर दैत्य की हैं । जैसा कि हम सब जानते हैं कि इस संसार रूपी भवसागर में दैत्यों की संख्या सबसे अधिक है। और उनकी संताने भी बहुत अधिक है और उनके

पास भौतिक समृद्धि भी अधिक है, जबकि इसके विपरित देवता की संख्या बहुत कम है। और उनके पास उतनी समृद्धि भी नहीं होती है। क्योंकि वह पारलौकि समृद्धि के विस्तार पर विशेष ध्यान देते हैं और वह आंतरिक तृप्त और संतोष प्रिय होते है, वह अपने आनंद के श्रोत अपनी आत्मा से जुणे होते हैं। यहां संसार में हम सभी लोग देवता बनने का प्रयत्न करने के लिए ही उपस्थित हुए हैं। और यह तभी संभव होगा जब हमें जीवन की बहुमुल्यता का ज्ञान होगा। और जीवन की बहुमुल्यता है? इसके लिए हम कह सकते है, कि वह जीवन की खुशबु जिसे धर्म कहते हैं, धर्म का मतलब किसी हिंदु, मुस्लिम, सिख, इसाई, या बौद्ध से नहीं है। धर्म का मतलब है कि जिसे आत्मा धारण करती है, अर्थात जो आत्मा के होने के लक्षण है जिसके द्वारा ही हमें ज्ञान होता है कि देवता कौन है और कौन दैत्य है? धर्म के दश गुण बतायें गये है जिसमें धृति, क्षमा, दम, अस्तेय, शौच, इन्द्रियनिग्रह, धी, विद्या, सत्या अक्रोध हैं। और जो इनके धारण करते हैं वह देवता कि कोटी में आते हैं, और जिसमें इसके विपरित गुण आता है जैसे अधैर्य, अक्षमा, अदम, स्तेय, इन्द्रियस्वच्छंदता, मुर्खता, अविद्या, असत्य, क्रोधादि गुण हैं वह दैत्य की श्रेणी में आता हैं। जो देवता होते हैं और धर्मात्मा किस्म के होते हैं उनमें ही इन शुभ अर्थात सद् गुणों के फल स्वरुप ही प्रेम, दया, करुणा, उपासना, उपेक्षा, मुदिता जो आनंद के प्रमुख श्रोत हैं वह फलित होते हैं। इसके विपरित जो दैत्य कोटी के होते हैं उनमें अप्रेम, धोखा, छल, कपट, राग, द्वेष विद्वेश इर्श्या आदि गुण सृजित होते हैं। जो जीवन को और जीवन सागर को खतरनाक और प्रदूषित करते हैं, जिससे संसार सागर में जो अनंत जीवन हैं उनके उपर संकट आजाता हैं और उनका जीवन अत्यंत दुःख मय बन जाता है। इस लिए हम सब का धर्म हैं कि मानवता के उत्थान के लिए जीवन सागर को प्रदुषित होने से बचाने का निरंतर यथा शक्ती पुरुषार्थ करना चाहिए। और इसमें जो सबसे अचुक साधन रूप हैं जो एक दूसरें के ह्दय को रोकने वाला है वह प्रेम ही है । क्योंकि इसके अतिरिक्त कल्याण का कोई दूसरा मार्ग नहीं है और यही जीवन की बहुमुल्यता है।

इस तरह से हम अपने जीवन के बहुमूल्य समय को ऐसे ही बीना प्रेम के क्यों खराब कर रहे हैं? जब कि यह जानते हो कि हमारा समय ठिक नहीं चल रहा हैं। (मतलब जिस संसार में दुःख पिड़ा और राग द्वेश है) इसलिए आपको इसके लिए सावधान रहने की ज़रूरत है। आज के आधुनिक जगत में समय के किमत को कैसे नकार सकते हैं? मैं आपको सलाह दे रहाँ हूँ कि आप कुछ रचानात्मक कार्यो को कीजिये, जिससे आप अपने जीवन का जो कुछ समय बचा है। उससे इस नस्वर संसार में स्वयं को कुछ समय के लिए यादगार बना सको और आपके किये हुए कार्य से इस संसार में कुछ लोगों का कुछ फायदा हो सके, और इससे ही आपके जीवन की सर्थकता सिद्ध होगी। मेरी बात को आप अच्छी तरह से समझ रहे हैं ना, मैं ऐसा समझ सकता हूँ। क्योंकि यह जगत परमेंश्वर कृत है और इस परमेश्वर के जगत में आपको इसलिए उत्पन्न किया गया है कि आप इसमें सहयोग अपने कुछ शुभ कर्मो के द्वारा कर के, अपने और इस जगत के लिए कुछ कर सके, अर्थात अपने योगदान से संसार के ऋण से उऋण हो सकते हैं। अंयथा इस कर्ज को उतारने के लिए इस मृत्युलोक में आना ही होगा।

हमें सफलता क्यों नहीं मिलती है किसी कार्य में, क्योंकि हम हमेंसा सरल और आसानि के मार्ग पर बिना परिश्रम के ही सफलता को प्राप्त करना चाहते हैं। इसलिए ही हमे अपने जीवन में बार-बार

असफलता का मुंह देखना पड़ता है। हम बार-बार असफल होते हैं और फिर भी अपनी गलती को नहीं सुधराते है!

संसार में सफल होने के कुछ आसान तरिके सर्वप्रथम आपको लोगों से हट कर कार्य करना होगा, जिस कार्य को या जिस विषय पर लोग पहले से ही बहुत कुछ बोल चुके हैं उसी विषय पर बोलते हैं, तो वह कोई असाधरण बात नहीं होगी। आप को वह कार्य करना होगा, जिसको कोई दूसरा नहीं करता है। जो दूसरों से कुछ अलग और नया हो, जिसकी तरफ दुनिया अपने आप बहुत जल्दी आकर्षित होगी और जिससे आपको बहुत जल्दी समाज में किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। सबसे पहले आपको यह देखना होगा कि आपकी रुची किस तरफ सबसे अधिक है और उस क्षेत्र में देखिये कि लोग क्या-क्या और किस प्रकार से कर रहें हैं? उदाहरण के लिए जैसे आप चिकित्सा के क्षेत्र में हैं और लोग उसी पुराने तरिके से इलाज कर रहें हैं। वहीं आपरेशन करना और सुई लगाना, टैबलेट खिलाना या पानी चढ़ाना, तो आपको इनसे हट कर कुछ ऐसा करना होगा, जैसे लोगो को आपरेशन कराने की ज़रूरुत ना पड़ें और ना ही गोली खानी पड़े, या फिर ना हि बोतल ही चढाना पड़ें। फिर भी आपको इलाज करना होगा बिना इसके वह कैसे संभव हैं? उसके लिए आप प्राकृतिक चिकित्सा का सहारा ले सकते हैं और इसमें कुछ क्रांतिकारी परिवर्तन कर सकते हैं।

जहाँ तक मैं समझता हु इस संसार की प्रत्येक बीमारी का इलाज है और सारी बीमारी का इलाज केवल एक है वह परमेंश्वर के प्रेम की घुंटी जिसको पीने मात्र से मानव जीवन में हर प्रकार का असाध्य से असाध्य रोग भी ऐसे लुप्त हो जाता है जैसे गर्म तावे पर पानी की बुदें वास्प बन कर आकाश में प्रस्थान कर जाती हैं। या फिर जैसे सूर्य के प्रकाश होने से अँधेरा गायब हो जाता है, या फिर जिस प्रकार से जब हमें ज्ञान होजाता है तो हमारा अज्ञान हमारें जीवन से दूर भाग जाता है। हमें ज्ञान के ज़रूरत हैं और ज्ञान के लिए जीवन से प्रेम होना आवश्यक है, जीवन में ज्ञान है जब जीवन में प्रेम के प्रति समर्पण होता है तो ज्ञान का उदय होता है। जहाँ तक मेरा इस संसार और इस संसार में सम्बंध का अनुभव हैं जिसमें प्रेम नाम मात्र का भी नहीं है। लोग भयंकर असाध्या काम कि वासना की बिमारी से ग्रस्त हैं। जिसको ही प्रेम के नाम से प्रस्तुत करते हैं, लोगों की समझ में सिवाय भौतिक पदार्थों की चमक-दमक के अतिरिक्त कुछ भी नहीं दिखाई देता है। जिसके कारण ही यह जीवन जो स्वर्ग के समान है और लोग ने इसे नरक में तब्दिल कर लिया हैं। और दूसरों के लिए भी नरक के बिस्तार में महत्त्वपूर्ण भुमिका निभा रहें है। यहाँ दो तरह के लोग हैं एक भौतिक सुख सुविधा समपन्न हैं जो आंतरिक रूप से कंगाल और खोखले हैं जैसे कहावत “खाली चना बाजे घना”, और दूसरे वह है जो भौतिक शुख सुविधा से शुन्य हैं वह भी कंगाल ही है यह दोनो अपना कंगाली को दूर करने के लिए संसार में पागलों की तरह से भ्रमण कर रहें है। एक तीसरे तरह के भी लोग है जो मध्यवर्गिय हैं जिसनकी संख्या भारत में सबसे अधिक है। वह ना तो भौतिक सुख सुविधा से पूर्णतः समपन्न हैं, और ना पूर्ण रुपेण कंगाल ही है यह लोग अपने अहंकार के कारण भयंकर अज्ञान ग्रस्त है। और तरह-तरह के पाखंड को जीवन में सामिल कर लिया हैं जिसके कारण इनके आँखों के सामने अँधेरा छा चुका है। जिससे यह किसी प्रकार का निर्णय करने में असमर्थ है।

मैं एक ऐसे व्यक्ति को बारें में जानता हुं जो अपने जीवन में अत्यधिक अतृप्त और अशांत रहता था जिसके कारण वह स्वार्थी बन गया और उसने अपने और अपने परिवार को लग-भग बर्बाद कर दिया, और स्वयं पागल और विक्षिप्त का जीवन जी रहा है। जिसके दो पुत्र थे जिससे वह कभी तृप्य नहीं रहा उनसे सदा अशांत रहता था, जिसके कारण वह उन्हें तरह-तरह से प्रताड़ित करता रहा जिसके कारण ही उनका विकास नहीं हो सका। क्योंकि उसके समान उसके पुत्र भी समाज की धार से नहीं जुड़ सके और अपने जीवन को युं ही व्यर्थ और निर्थक व्यतित कर रहें हैं।रोज मर-मर कर जी रहें हैं, उनके जीवन में बहुत भयानक अतृप्त और निराशा ने घर कर लिया है। वह अपने शरीर से ही परेशान रहते है, तो इस तरह से इस एक व्यक्ती ने अपने साथ अपने पुत्रों के जीवन को भी लग-भग बर्बाद और नष्ट कर दिया। दूसरी तरफ इसी आदमी का बड़ा भाई है जिसका जीवन सुख मय और हर प्रकार की खुशियों से भरा है उसका कारण मैं समझता हुं कि उनके जीवन में समझ और प्रेम था अपने परिवार के प्रति इमानदारी और सहानुभुती थी जो भी उनके पास था उसमें ही उनको संतोष था, जिसके कारण उनका जीवन सुख और ऐश्वर्य पूर्ण गुजर रहा है।

तो इस प्रकार से जीवन को जीना एक कला है इसको सब नहीं जी पाते है जिस प्रकार से एक बैर का पेड़ होता है उसके दो पुत्र होते है एक कांटा होता है जो सभी को चुभता है, दूसरा स्वयं बैर का फल होता है जो सबको प्रिय होता है। हमें भी ऐसा प्रयाश करना चाहिय कि हम स्वयं के लिए और दूसरों के लिए भी मिठे और स्वादिष्ट फलों की तरह से बन पायें, जहाँ तक मेरा अनुभव हैं मैंने संसार से बहुत अधिक नफरत को पाया है। जिसके कारण ही मुझको प्रेम अधिक रस आता हैं और वह मुझे आकर्षति करता हैं, जिसके कारण ही मैंने बहुत धोखे और विश्वासघात को भी प्राप्त किया हैं, लेकिन इसको मैंने सकारात्मक लिया और स्वयं के उत्थान के लिए उपयोग किया और अपने विरोधी ताकतो को परास्थ कर के अपने स्वयं के दम पर स्वयं को स्थित कर लिया हैं जहां पर किसी से ना किसी प्रकार कि आशा हौ और ना हि किसी से किसी प्रकार की निरासा ही हैं। क्योंकि मुझको इसमें कुछ सुकुन मिलता है और मैं चाहता हुं कि लोग भी अपने जीवन में कुछ सकुन के पलों के जीये। संसार की मारा मारी तो सनातन हैं यह जीवन के अंत तक नहीं समाप्त होगी, यहाँ तो बदला और प्रतिसोध की भावन का सागर बह रहा है। जिसमें घुंट-घुंट कर आदमी का दम निकलता है। क्योंकि हर आदमी यही समझता है कि उसके साथ समाज में अन्याय हो रहा है या परिवार में अन्याय हो रहा है, या फिर परिवार के द्वारा माता पिता के साथ अन्याय किया गया है। जिसके कारण ही हमारें जीवन में दुःख पिड़ा और संताप के साथ क्लेश है। जो भी है सत्य यह है कि आप है और आप अपने आप से प्रेम करने के लिए स्वतंत्र है इसके लिए आपको कोई भी नहीं रोक सकता है, ज़रूरी नहीं हैं कि प्रेम किसी स्त्री से और पुरुष के साथ किया जाता है। वास्तव में प्रेम एक गुण है जो आत्मा से हमारी शरीर में पुस्पित होता है प्रेम को सृजित होने के लिए हमारी शरीर को पृथ्वी के समान बनना होगा। जिस प्रकार से बंजर और उसर जमिन में कोई बीज अंकुरित नहीं होता है। उसी प्रकार से एक अहंकारी पुरुष या स्त्री के शरीर में प्रेम का सर्जन नहीं होता है, वह जिस वस्तु को अपने जीवन में प्रेम को समझते हैं वह वासना और मोह के अतिरिक्त कुछ नहीं है। जहाँ तक मैं समझता हुं कि मोह और माया और अज्ञान एक दूसरे के पुरक है। यद्यपि प्रेम, प्रतिज्ञा, समर्पण और ज्ञान एक दूसरें के पुरक हैं। यह ज्ञान शास्वत ज्ञान हैं जो आत्मा से सिधा-सिधा प्रकाशित होता है। इसको हर कोई समझने में समर्थ नहीं होता है कुछ ही लोग इसको समझने में

समर्थ होते हैं उनकी ही यह प्रेम कथा है। जिस प्रकार से हम सब इस ब्रह्माण्ड में एक गुरुत्वाकर्षण को देखते और पाते हैं जिनके कारण ही सभी ग्रह, नक्षत्र और तारों के साथ आकाश गंगा और कई ब्रह्मम्ड अपने नियत मार्ग पर गति करते हैं जिसके कारण ही वह सब एक दूसरें से कभी टकरातें नहीं है यद्यपि एक दूसरें के सहयोग के साथ अपने जीवन चक्र को पुरा करते हैं। उसी प्रकार हम सब का भी जीवन हैं और हम सब भी ग्रह, तारें, नक्षत्र, और ब्रह्माण्ड के समान हैं और हम सब को भी एक साथ बंधने वाला जो गुण है जिसे हम सब प्रेम कहते हैं वह गुरुत्वाकर्षण की तरह से काम करता है।

सभी जानते हैं कि मुमताज़ अपनी संतान को जन्म देने के दौरान असमय चल बसी थी और बेहद मुहब्बत करने वाले शाहजहाँ ने अपनी महबूबा अपनी बीवी की याद में विश्व प्रसिद्ध ताजमहल बनवाया था ताकि ये मुहब्बत की मिसाल बन सके, कहा जाता है कि लाजवाब ताजमहल बनाने के बाद कारीगरों के हाथ काट दिये गए थे, ताकि वह दुबारा ऐसी अनमोल कृति नहीं बना सकें, शाहजहाँ नहीं चाहता था कि उसने अपनी मुहब्बत का जो स्मारक अपने अहसासों और अपनी महबूबा के खो जाने की पीड़ाओं के साथ बनावाया है। उस प्रेम की कोई अश्लील नकल कर सके, लेकिन शाहजहाँ मुमताज़ की कहानी यहीं खत्म नहीं होती है। गौरतलब है कि उसके बेटे औरंगजेब ने अपने वृद्ध पिता शाहजहाँ को कैद में डाल दिया था और जिस कोठरी में शाहजहाँ को कैद किया था वह ठीक उसकी बीवी मुमताज़ की कब्र के सामने थी जहाँ खिड़की से देखकर अपनी बीवी मुमताज़ की याद में वह डूबा रहता था। वहाँ उसकी देखभाल करने के लिए सिर्फ़ एक बूढ़ा और पुराना नौकर था जो शाहजहाँ को देख-देख कर दुखी होता था। एक दिन शाहजहाँ ने नौकर से ज़हर मांगा कि अब वह जीना नहीं चाहता तब उस स्वामीभक्त और एकमात्र साथी ने एक तरकीब निकाली, वह अपने बादशाह को रोज़ सुबह शाम उसके और बीवी मुमताज़ के मुहब्बत के किस्से सुनाता, उन खुशनुमा दिनों की याद को तरोताज़ा करता जिससे शाहजहाँ यादों में डूब जाता था और उसका दुःख हल्का हो जाता था प्रेम की ताकत का इतना खूबसूरत उदाहरण कम देखने को मिलता है।

आज के सामाजिक वातावरण में जब रिश्ते नितांत औपचारिक और अविश्वसनीय होकर रह गए हैं, आये दिन एक आम दंपत्ति से लेकर ख़ास तबके तक में तलाक की घटनाएँ सुनने को मिलती हैं, वृद्ध माता-पिता की दुर्गति और रिश्तों में आई खटास देखने को मिलती है, वहीं प्रेम की कुछ अद्भुत मिसालें कड़ी धूप में ठंडी बौछारों की भांति निर्मल शीतलता की उम्मीद जगाती हैं।

विश्व प्रसिद्द लेखक नेरूदा माल्तीदा और मार्कस्वाद के प्रवर्तक कार्ल मार्क्स व् जेनी मार्क्स ने भरपूर समर्पण के साथ जीवन व्यतीत किया तो महान लेखक चेखव और लीडिया एविलोव का प्रेम असफल रहा।

कार्ल मार्क्स जिनकी नीतियों और विचार का एक सम्पूर्ण युग की तरह स्मरण व अनुसरण किया जाता है उन महान और क्रांतिकारी व्यक्ति के जीवन के सबसे कमज़ोर लम्हे वह थे जब १८८० में मार्क्स की पत्नी जेनी को जिगर का कैंसर हो गया था। जब वह जीर्णकाय हो गईं व बिस्तर से उठने लायक नहीं रह गयीं थी। तभी मार्क्स को प्लूराईतास व निमोनियाँ हो गया। मार्क्स के लिए सम्बसे भयंकर यातना ये थी कि उनकी प्रेयसी उनकी पत्नी जेनी उनके बगल के कमरे में अंतिम साँसें गिन रही थी। मार्क्स की बेटी एलेओनोरो ने अपने संस्मरण में लिखा ' वह सुबह मैं कभी नहीं भूलूंगी जब पिताजी के

शरीर में इतनी ताकत आई कि वह उठकर माँ के कमरे में जा सकें। दोनों मिलकर फिर से जवान हो गए, संग-संग जीवन में पदार्पण कर रहे प्रेमी युवक-युवती ही थे वे, न कि रोग से टूटा वृद्ध औए मरणासन्न वृद्धा, जो सदा के लिए एक दूसरे से विदा ले रहे थे। "

अपने नाटक 'एक्सीडेंटल डेथ ऑफ एन एनार्किस्ट' पर नोबेल पुरस्कार पाने वाले दारियो फ़ो और उनकी पत्नी सोशल एक्टीविस्ट और नाटककार फ्रांका रामे का प्रेम भी एक अद्‌भुत मिसाल है। उल्लेखनीय है कि १९७३ में फासीवादियों द्वारा डेरियों फो की पत्नी रामे का अपहरण कर लिया गया था और खून में लथपथ सड़क पर फेंक दिया गया था। इसके बावजूद पति पत्नी ने हार नहीं मानी और वे नाटकों को लिखने व मंचित करने में जुटे रहे थे। तमाम राजनितिक विरोधों, पीड़ाओं व दुर्घटनाओं के बावजूद उन दोनों ने एक दूसरे का साथ कभी नहीं छोड़ा। सन २०१३ में रामे का निधन हो गया था। न सिर्फ़ एक सार्थक लेखन करने और नोबेल पुरस्कार तक पहुँचने के लिए बल्कि एक दूसरे के लिए समर्पित दंपत्ति के उस अद्‌भुत प्रेम के लिए भी इन्हें याद किया जाएगा।

अलौकिक प्रेम की कहानियाँ कृष्ण मीरा की तरह हिन्दुस्तान में ही नहीं बल्कि इससे भी अनोखी दास्तान इतिहास में मिलती है। जैसे वॉर एंड पीस और अन्ना केरेनीना जैसी महान कृतियों के लेखक टोलसटॉय और द लास्ट सपर, मैडोना ऑफ़ द रोक्स और विश्व प्रसिद्द रचना मोनालिसा के अद्‌भुत कलाकार लियोनार्दो दा विन्सी का प्रेम यद्यपि एक लेखक है और दूसरा कलाकार लेकिन दोनो में एक अद्‌भुत समानता हैं। दोनों ने ही अपनी स्वयं गढ़ी गयी कृतियों से इस क़दर प्रेम किया कि ताउम्र उतना प्रेम किसी जीवंत स्त्री को नहीं कर पाए. टालस्टॉय इस उपन्यास के दौरान अपनी नायिका अन्ना के प्रेम में डूब गए थे। एक विवाहित स्त्री के प्रेम से कहानी निर्लिप्त भाव से शुरू होती है लेकिन धीरे-धीरे ये महसूस होने लगता है कि अन्ना के प्रति उनके हृदय में कोई कोमलता है, जो आहिस्ता-आहिस्ता विवशता और अवसाद में बदलती जाती है। सामाजिक, पारिवारिक, ममत्व आदि की विसंगतियाँ व असुरक्षा का मिला-जुला भाव और अंततः वह आत्महत्या कर लेती है।

अन्ना' कोई जीवंत चरित्र नहीं, उसे लेखक टोलस्टोय ने अपनी कल्पना से गढ़ा था लेकिन उनकी ये काल्पनिक प्रेमिका का अंत में आत्महत्या कर लेना लेखक के अवसाद को दर्शाता है। वहीं विन्सी के बारे में कहा जाता है कि उनकी अनेक कृतियाँ यहाँ वहाँ पडी रहती थीं लेकिन अपनी विश्व प्रसिद्ध और चर्चित मोनालिसा की कलाकृति को ताउम्र (२ मई १५१९ तक) उन्होंने अपने से अलग नहीं किया उसके प्रेम में डूबे रहे, वह जहाँ गए उसे अपने साथ लेकर गए, उस कृति से उन्होंने मृत्यु पर्यंत अटूट प्रेम किया। विश्व प्रसिद्ध लेखक मार्खेज़ के बारे में भी कहा जाता है कि अपने एक उपन्यास की नायिका की मृत्यु के बाद वह फूट-फूट कर रोये, मीरा और कृष्ण के प्रेम को इस दृष्टि से देखा जा सकता है लेकिन कृष्ण की छवि मीरा के मन में पहले से थी और इन महान रचयिताओं ने अपना प्रेम खुद गढ़ा और जीवन पर्यंत उससे लिप्त रहे।

सुप्रसिद्ध अस्तित्ववादी, दार्शनिक, उपन्यासकर, नाटककर, ज्याँ पाल सात्र और स्त्री मुक्ति आंदोलन की प्रणेता सिमोन द बोउआर का प्रेम भी एक अद्‌भुत मिसाल है, ज्याँ पाल सात्र एक मनमौजी और आज़ाद ख्याल इंसान थे। शराब के बेहद शौकीन सात्र के अनेक स्त्रियों से सम्बंध रहे

लेकिन भावनात्मक रूप से वे एक ही स्त्री के साथ जुड़े, वे थीं सिमोन-सिमोन को भी उनके अन्यत्र रिश्तों से कोई आपत्ति नहीं रही। उनके स्वयं के अनेक पुरुष मित्र थे। सन १९२९ के बाद सिमोन और सात्र जीवन पर्यंत एकसाथ रहे लेकिन उन्होने विवाह नहीं किया। जीवन के आखिरी दिनों में नशे के वे अभ्यस्त हो गए और चौबीसों घंटे नशे में रहते। १९ मार्च १९८० को उन्हें सांस में तकलीफ हुई और उन्हें अस्पताल में भर्ती कर दिया गया। मृत्यु से दो दिन पहले सिमोन ने डॉक्टर से रोकर कहा 'डॉक्टर, वादा करिए कि सात्र को अंतिम समय तक ये महसूस नहीं होने दोगे कि वे मर रहे हैं। उन्हें किसी भी प्रकार की मानसिक तकलीफ या शारीरिक पीड़ा नहीं होने दोगे। मृत्यु से कुछ घंटे पहले सात्र ने सिमोन को अपने पास बुलाया और हाथ थामकर कहा' मैं तुम्हें बहुत प्यार करता हूँ'। उन्होंने सिमोन को अपने निकट बुलाकर उसे चूमा, जब सात्र नहीं रहे तब सिमोन उनकी मृत देह के पास कुछ देर लेटी रहीं।

६२ वर्षीय ओपरा का जन्म मिसीसिपी अमेरिका में हुआ। पांच वर्ष की आयु में ही माता-पिता में तलाक हो गया और दौनों ने ही ओपरा को त्याग दिया। तब उस पांच वर्ष की बच्ची का पालन पोषण उसके दादी-दादी ने किया। युवा होने पर उनकी माँ उन्हें अपने साथ ले गईं लेकिन वहाँ उन्हीं के ख़ास रिश्तेदारों ने उनका यौन शोषण किया। तब वहाँ से भागकर वह अपने पिता के पास चली गईं। पिता को उन की इस स्थिति को देखकर बेहद दुःख हुआ। वह अनुशासन प्रिय और मितभाषी थे। उन्होंने ओपरा को बहुत समझाने की चेष्टा की लेकिन स्थिति तब तक काफी खराब हो चुकी थी। ओपरा की कुंठाओं और नाजायज़ रूप से गर्भधारण करने के अवसाद ने उनका जीवन छिन्न भिन्न कर दिया। उनके असंतुलित और अराजक बचपन जिसे वह भूल नहीं पाई और जिसकी बदौलत वे मादक पदार्थों के सेवन की आदी हो गईं, विद्रोह और क्रोध उनके स्वभाव में आ गए. पिता के लिए उनकी बेटी का ये स्वभाव व आदतें असहनीय और तकलीफदेह थीं। तब उन्होंने ओपरा को बहुत प्यार से पढ़ाई के लिए समझाया और कॉलेज में दाखिला दिलवाया। उन्हें भरपूर स्नेह दिया। स्नातक की डिग्री मिलने के बाद वे पत्रकारिता में रूचि लेने लगीं। इस नाजुक मोड़ पर पिता उनके भावनात्मक सम्बल बने। नतीजतन ओपरा का ध्यान कुछ सार्थक और सकारातमक दिशा की और मुड़ने लगा। वे मीडिया से जुड़ गईं और १९ वर्ष की आयु में अमरीका में टीवी पर काम करने वाली पहली अश्वेत महिला बनी। उनकी प्रसिद्धि शिकागो के एक टीवी शो एम् शिकागो नामक कार्यक्रम से हुई. ये शो टीवी के इतिहास के सफलतम तथा उत्कृष्ट टॉक शो में शुमार हुआ। इस शो की खासियत ये थी कि इसमें ओपरा अपने दिल की बात करती हैं और लोगों को परामर्श देती हैं। उसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। वे सफल अभिनेत्री और द ओपरा मैगजीन की संस्थापक और पत्रकार हुईं। सामाजिक कार्यकर्ता और लोगों के जीवन को दिशा देने सम्बंधी कार्यों के लिए उन्हें अनेक पुरस्कारों से नवाज़ा गया, सम्मान दिए गए. फ़ोर्ब्स के सबसे धनी व्यक्तियों की सूची में उनका नाम भी है। ओपरा के इस जीवन चक्र में कुछ ख़ास बातें हैं जैसे उनकी माँ जो स्त्री और माँ होते हुए भी फिर कभी उनकी ज़िंदगी में वापस नहीं आईं। ओपरा की इन तमाम उपलब्धियों की मूल वजह उनके पिता थे जो इसी सार्वभौमिक पित्रसत्ता की पैदाइश थे। पिता के अंतिम शब्द थे 'मैं इस दुनिया का सबसे दुर्भाग्यशाली पिता होता यदि अपनी पुत्री को सही राह पर लाने में असफल रहता।' वहीं ओपरा ने अपने भाषण में कहा 'मैं आज जो भी कुछ हूँ सिर्फ़ और सिर्फ़ अपने पिता के प्रेम के कारण हूँ।' इस जीवनी से सिद्ध यही होता है कि ऐसे प्रकरण अपवाद कतई नहीं होते हैं।

हृदयोत्सव

न सिर्फ़ मनुष्य-मनुष्य के बीच प्रेम का अस्तित्व है बल्कि जानवर भी प्रेम की भाषा समझते पहचानते हैं मनुष्य की भले ही ना समझें। जानवरों के प्रेम अद्‌भुत होते हैं। बहुत पहले अंग्रेज़ी की एक कहानी पढ़ी थी जिसमे एक गाय का बछड़ा एक गहरी खाई में गिर जाता है। गाय बहुत देर तक उसके आसपास के टीलों, मैदान में भागती रहती है, बार-बार वह खाई में झाँककर देखती है जहाँ उसका बछड़ा मर चुका है और अंत में वह खुद खाई में छलांग लगा देती है। माँ-माँ होती है, रिश्ते खांचों में नहीं बाँट सकते।

प्रेम न मनुष्य और पशु में भेद करता है ना ही सरहदों में यकीन करता है। बल्कि भौगोलिक, जाति, धर्म की सब सीमाओं को अतिक्रमित कर वह अनवरत और बिना रुके बहता रहता है। दिल से दिल तक आत्मा से आत्मा तक। प्रेम के विषय में यही कहा जा सकता है कि प्रेम स्वच्छंद दुनिया है उसे शब्दों, सरहदों और जीव विशेषों में टुकड़े-टुकड़े नहीं किया जा सकता।

आचार्य मनोज पाण्डेय

महाविद्यालय गुरुकुल झज्जर (हर.) भारत

प्रेमकथा नम्बर १

सूर्य कि पहली किरण का प्रकाश

जो हम सब प्रणियों को संसार के सभी प्रकार के संकटों से मुक्त करने वाले त्रिकालदर्शि भगवान शिव हैं, जिनको हमारा बारंबार नमस्कार हो, जो हम सबके हृदय के अन्तर्यामी हैं और जो हमारें बारें में सब कुछ जानने वाले हैं। हमसें स्वयं अपने आप को जानने में कुछ भूल हो सकती हैं, लेकिन वह सब कुछ देखते हैं, उनसे संसार का कुछ भी नहीं छुपा हैं वह तीनो कालों को एक साथ देखने में समर्थ हैं। जिसके कारण ही दूसरें देवता भी उनसे अतिसय प्रेम करते हैं। वह अपनी आखों कि शक्ति से सभी प्रकार के अंधाकर, अज्ञान और दुस्कर्म को भष्म करने वाले हैं। जिनको कभी विषय को समझने में किसी प्रकार के भ्रम नहीं होता है। इन्ही सब गुणों को जानकर फुलों के समान ब्रह्माण्ड सुन्दरी पार्वती हमेशा उनके प्रेम में समर्पित रहती हैं। इन दोनो को मैं हमेंशा अपने हृदय के आसन पर विराजमान करके अपने दोनो हाथो से जोड़कर उनके चरणों में बारंबार बंदन करता हूँ।

कुछ समय पहले कि बात हैं, भारत के एक राज्य में एक मुर्ख किस्म का राजा था, जिसके पास दो प्रकार के संसाधन थे जिससे वह बहुत अधिक प्रेम करता था। पहली वस्तु उसके पास अपनी एक तलवार थी जिसको वह हमेशा अपने साथ ही रखता था, यहाँ तक अपने साथ अपने विस्तर पर भी रख कर ही सोता था। इसके अतिरिक्त उसका शत्रु उससे अधिक ताकतवर था, इसके साथ उसकी स्वयं

की एक अत्यधिक सुन्दर पुत्री थी जो बहुत ही अधिक चालक थी। जैसा कि हम सब जानते हैं कि उसका शत्रु उससे बहुत अधिक ताकतवर अर्थात मजबुत था। और उसकी पुत्री उसके राज्य में बहुत अधिक चालाक औरतों में से एक थी। इसके अतिरिक्त राजा का शत्रु अभी काफी युवा था और मुर्ख राजा की चालाक पुत्री अभी तक अविवाहित थी। अपने विस्तर पर पड़े-पड़े मुर्ख राजा चिंचन कर रहाँ था कि इन दोनो का क्या किया जाये? क्योंकि उसको इन दोनों से बहुत अधिक मानसिक भय था जो उसको रात में सोने नहीं देता था। ऐसा ही काफी समय से चल रहा था। काफ़ी अपना दिमाग दौड़ाने के बाद राजा के दिमाग में इस समस्या का एक समाधान समझ में आया। अंत में एक रात को राजा अपने निद से उठ कर अपने विस्तर पर बैठ गया और बड़े जोर से चिल्लाते हुए कहने लागा कि आज मैं समझ गया कि मुझको क्या करना चाहिए? मैं जहर को अमृत में मिला दुंगा, अर्थात अपनी पुत्री की सुंदरता के समन्दर के जल को अपने शत्रु के क्रोध की दहकति हुई ज्वाला के उपर उड़ेल दुंगा, जिससे उसके अंदर जो हमारे प्रति क्रोध की अग्नि जल रहीं है, वह बुझ जायोगी। इस तरह से मेरी दोनो समस्या का समाधन हो जायेगा और मैं अपने राज्य को अपने दोनो शत्रुओं से बचा लुंगा, अर्थात एक तीर से दो निसाने लग जायेगे, मतलब एक पंथ दो काज हो जायेगा। शत्रु मित्र बन जायेगा और चालाक पुत्री जो हमारें राज्य को हमसे छिन सकती हैं वह भी हमारें राज्य से बाहर हमसें शक्तीशाली राजा की पत्नी बन जायेगी। इस प्रकार से हमारे राज्य की रक्षा तो होगी ही हमारे पुत्री को उसका पति भी मिल जायेगा और मैं अपनी सारी समस्यायों से मुक्ती पा जाउंगा। और चैन कि बंशी बजाता हुआ अपने आगे की जींदगी को व्यतित करुगां। इस प्रकार से इस नविन विचार ने मुर्ख राजा को अंदर से बाहर तक रोमंचित कर दिया, इसलिए वह बड़े जोर-जोर से चिल्लाने लगा, जिसकी आवाज को सुनकर राजा के महल के जो उसके अंग रक्षक या महल के सुरक्षा अधिकारी थे उन्होंने ने समझा कि राजा पर कोई विपत्ती रात्री के समय आगई है। जिसके कारण राजा रात्री में चिल्ला रहा हैं। इसलिए वह सब अंगरक्षक अपने हथियार और हाथों में मशाल लेकर राजा के शयन कक्ष की तरफ एक साथ दौड़े, जब वह सब राजा के शयन कक्ष में पहुंचे तो उन्होने देखा कि राजा अर्धनग्रा अवस्था में अपने हाथ को जोड़ कर कमरें में इधर उधर बड़ी वेचैनी के साथ एक बछड़े की तरह से घुम रहा था। जैसे वह अपने कमरे को छोड़ कर भागना चाहता हो, और मुह से बड़-बड़ाये जा रहा था, हाँ मेरा शत्रु, हाँ मेरी पुत्री। इस लिए उन अंग रक्षक और दूसरे सुरक्षा अधिकारियों ने कहाँ कि यह मंद वुद्धि राजा अपने अंत की तरफ बढ़ रहा है। इसलिए अब यह पागल जैसा व्यवहार कर रहा है। लेकिन राजा कुछ देर में शांत हो गया और उसने अपने दरबार के सब संगित कारों को बुलाने के लिए कहा, और जब संगित कार आ गये, तो वह उनसे मधुर संगित बजाने के लिए कहा, और बड़ी व्यग्रता के साथ उनके संगित का आनंद लेते हुए, सुबह होने का इंतजार करने लगा।

सुबह होने पर राज ने अपने कुछ समझदार और वुद्धिमान संदेशवाहक को अपने पास बुलाया, और उनसे कहा कि तुम मेरे शत्रु के पास मेरा संदेश लेकर जाओ, और उनसे मेरा संदेश कहो कि चलिए हम दोनो मित्र बन जाते हैं। और शांती के साथ हम दोनो संपूर्ण पृथ्वी पर राज्य करते हैं। और मैं अपनी पुत्री का विवाह भी तुम्हारें साथ कर दुंगा। और इसके बदले में मैं तुमसे कुछ भी नहीं चाहता हुं, और इसके साथ बहुत सारे उपहार तुमको हमारें द्वारा दियें जायेगे। जिसके बारें में तुम अंदाजा भी नहीं लगा सकते हो, जब यह सब तुम्हारें पहुंच जायेगे, तभी तुमको इनके बारें में पता चल पायेगा। जिसके

बारें में मैं बताना चाहता हुं, उपहारों की किमत और उसके गुणों को बताना शब्दों में असंभव हैं। उसके बारें में आखों से देख कर भी अंदाजा नहीं लगा सकते, क्योकि उसको देख कर आंखें भी धोखा खा जाती हैं।

तो इस प्रकार से राजा का संदेश लेकर संदेशवाहक राजा के शत्रु के पास गया, लेकिन राजा की पुत्री ने इस संदेश के बारें में अपने गुप्तचरों से सुचना प्राप्त कर लिया, जिसके कारण उसने राजा से छुपा कर अपने एक संदेश वाहक को भी राजा के शत्रु के पास भेजा, जिसके बारें में उसने अपने पिता से कुछ भी नहीं कहा, क्योकि वह यह जाननी चाहति थी की उसका होने वाला पति किस स्वभाव का है। और उसके शौक किस प्रकार के हैं और उसके कार्य करने का तरिका कैसा हैं?

इस तरह से संदेशवाहक गयें काफी दिन बित गये और राजा के पास किसी प्रकार की सुचना अपने शत्रु राजा की तरफ से नहीं आई, जिसके कारण राजा काफी की अप्रसन्नता और असहनिय निराश अवस्था में अपने जीवन को व्यतित कर रहा था। लेकिन अंत में एक दिन जैसा कि अक्सर अपनी पुत्री के साथ राजा अपने दरबार में बैठा करता था, उसी प्रकार से आज भी बैठा हुआ था। तभी उसके पास एक उसका दरवान आया और उसने उसके चरणों में झुक कर कहा कि वह संदेशवाहक वापिस आचुका है। और राजा का क्या आदेश है? और राजा ने तत्काल कहा कि वह संदेशवाहक हमारें लिए औषधि को लेकर आया तुरंत उसको दरबार में हाजिर किया जाये। इस प्रकार से बिना किसी देरी किये उस संदेशवाहक को तुरंत राजा के सामने पेश किया गया, जैसा कि वह अभी तत्काल अपने सफर से आया था उसके कपड़े धुल-धुसरित थे उसको देखने से हि लग रहा था कि वह किसी लंबी यात्रा कर के आ रहा है। क्योंकि वह काफी थका हारा हुआ दिखाई दे रहा था। जो राजा के सामने आकर खड़ा था और राजा ने उसको अपनी क्रोध से भरी हुई लाल-लाल आंखों से देखते हुए कहा कि तुम अपने राजा के लिए कौन-सा संदेश लेकर आये हो? इतने अधिक समय में जिसके इंतजार में मेरे काले बाल पहले मटमैले हुए फिर सफेद होगयें हैं?

संदेशवाहक ने अपने हाथ को जोड़ कर कहा हे राजा आप क्रोध को त्याग दिजिए, मुझ निर्दोष पर इस प्रकार का आप का क्रोध करना ठीक नहीं है। मेरी तरफ से इसमें किसी प्रकार की कोई देर नहीं कि गई मैं किसी भी यात्री से तीब्र गति से गया, बारिस, गर्मि और सर्दि कि परवाह किया बगैर, आपके होने वाले दामाद की पहली पत्नी के पास और यह सारी देरी आपके होने वाले दामद के पागलपन उसकी प्रसन्ता के कारण ही कारण हुई है। क्योंकि कुछ समय पहले ऐसा हुआ कि वह अपनी सेना के साथ युद्ध से वापिस आने के बाद, अपने आदमियों को चकमा देने के लिए और शांती पुर्वक अकेला कुछ समय बिताने के लिए, वह अपने महल के गुप्त कक्ष में चला गया। जहाँ पर उससे कोई भी नहीं मिल सकता था शिवाय उसकी पत्नी के, क्योकि सिर्फ़ उसकी पत्नी के कोई भी दूसरा उस राज्य के अधिकारयों और वहाँ के किसी आदमियों से वह बात नहीं करता था। क्योंकि वह राजा वहाँ के महल में औरतों के विच में स्वयं औरतों के कपड़ें पहन कर रहता था। जब इसके बारें में और दूसरी महल की औरतों को पता चला, तो महल के अंदर इस प्रकार के मायवी राजा को देखने पर एक प्रकार का भुचाल आगया और सभी औरतें भयभित होगई, क्योंकि राजा की गुप्त जानाकारी वहाँ होने कि उसकी

पत्नी के द्वारा ही किसी तरह से दूसरी औरतो को लग गया था, जिसके कारण राजा भी अपनी पत्नी पर बहुत अधिक क्रोधित हुआ, लेकिन उसने अपनी पत्नी की हत्या ना करके यद्यपि उस महल को ही त्याग कर दिया। और अपने राज्या के ऐश्वर्य, के साथ भोग विलाश सभी प्रकार की वस्तुओं का त्याग उसी प्रकार से कर दिया, जिस प्रकार से सांप अपने शरीर से अपने पुरानी चमड़ी को छोड़ता है। और वहाँ से भयानक खतरनाक जंगल के एक उजड़ें भगवान शिव के मंदिर में चला गया, और मंदिर के अंदर जाकर उसने अपने आप को बंद कर लिया। वह मंदिर उसके राजधानी से बाहर एक विहड़ जंगल में स्थित है, जहाँ पर एक पवित्र और निर्मल कमल पुस्पो से आच्छादित झील भी विद्यमान है। और वह वहाँ पर वह एक साधु की तरह से रहता है, अपने सभी आदमियों से किसी प्रकार का कोई संपर्क या वार्तालाप नहीं करता है। इस तरह से उसके राज्य को चलाने वाला उसका मंत्री, गुप्त रूप से किसी विशेष कार्य के लिये, कभी कभार राज्य के कार्य के लिए विचार विमर्श करने के लिए वहाँ जंगल में राजा के पास जाता है। और इस प्रकार से मुझको बहुत अधिक समय लग गया वहाँ राजा से मिलने का प्रबंध करने में कि मैं वहाँ पर उनसे मिलने के लिए आया हु और मेरे पास उनके लिए आपका प्रस्ताव है।

और अंत में राजा को जब मेरा वहाँ होने के बारें में पता चला और उसने जाना की मैं उसके लिए आपका गुप्त विशेष प्रस्ताव लेकर उसके राज्य में आया हूँ, अपने मुख्य प्रधान मंत्री के द्वारा। तब वह अपने राजा की आज्ञा पाकर एक दिन सुबह मुझे अपने साथ लेकर उस उजड़े शिव मदिर के पास जंगल में ले गये, और जैसा कि मैं वहाँ पर उस मंदिर और कमल के तालाब पास खड़ा होकर राजा का इंतजार करहा था, अचानक मैने देखा झील के सारें कमल पुस्प एक-एक कर के बारी-बारी से सूर्य के प्रकाश कि किरणों को पाकर खिल रहे थे। और तत्काल इसी समय युवा राजा मंदिर के सामने प्रकट हुआ, और वह उन सिढ़ियों के उपर खड़ा होगया जो कमल पुस्पों से आच्छादित झिल के अंदर प्रवेश कर रही थी। उन्होंने अपने शरीर पर लाल वृक्ष की छाल को वस्त्र की तरह से पहन रखा था। और वह ऐसा दिख रहा था मानो वह कोई बहुमुल्य रत्न से जणित मणि हो, जो सूर्य के प्रकाश में और अधिक प्रज्वलित हो रहा था। इस आश्चर्यमय दृश्य को देख कर मैं कुछ देर के लिए अपनी चेतना से शून्य होगया। वह ऐसा प्रतित हो रहे थे जैसे राजाओं का भी राजा हो और उन्होंने मुझसे कहा बहुत गंभिर भाव से कि तुम अपने मालिक के पास वापिस जाओ और उनसे कहो कि जो मेरे और उनके सामराज्य के कल्याण के लिए उन्होंने हमारें पास प्रस्ताव भेजा है। वह मुझे स्विकार है और इस प्रकार से हमारें और उनके मध्य में शांती पूर्ण मित्रता होनी चाहिए, और हमारी मित्रता को मजबुती प्रदान करने के लिए उपहार में जो अपनी पुत्री को हमें देने का वादा किया है, वह उसी प्रकार से कार्य करेगी जैसे सिंमेंट दिवाल कि इटों को जोड़ कर उनको उन्हें शक्तीशाली बनाती हैं। उनकी पूत्री को मैं शाही महल में एक रानी की तरह से रखुंगा और उसके लिए हर प्रकार के भोग विलास के संसाधन को उपलब्ध करा दूंगा। लेकिन मैं उसको अपनी पत्नी की तरह से नहीं रखुंगा। इसके बाद हम दोनो अपने हृदय की अग्नी को लेकर अपने-अपने स्थान पर अपने जीवन को व्यतित करेगे। और इस प्रकार से समझेंगे जैसे हमारा कोई नहीं है या फिर हम एक दूसरें के लिए जीवीत नहीं हैं। लेकिन जब संदेशवाहकअपने राजा को शिव मंदिर में रहने वाले राजा की कहानी को सुना रहा था, तभी उस राजा ने अपने सेवक को बिच में

ही चिल्ला कर रोकते हुए क्रोध में कहा क्या! उसने इस प्रकार के उत्तर मेरे लिए भेजा है। उसने मेरे प्रस्वाव को ठुकरा दिया और मेरा और मेरी पुत्री का अपमान किया है। ऐसा कहने कि उसकी हिम्मत कैसे हुइ? राजा के पास ही उसकी बेटी भी बैठी हुई थी। उसने भी सब कुछ सुना और वह इसको सुन कर हंसते हुए कहा मेरे प्रिय पिता यह आप क्या कह रहें हैं? आपके बाल सफेद होगये और आप अब तक संसार के किसी औरत को और ना ही पुरुष को समझने में समर्थ हो सके हैं। और इसके अतिरिक्त ना राजनिती को समझते हैं ना ही आप मुझको समझ पायें हैं। फिर राजा ने कहाँ मेरी पुत्री तुम्हारें इन शब्दों का क्या मतलब है? और तुमने क्या समझा मनुष्य कि नितियों के बारें में, अथवा तुमने औरतो को कैसे समझ लिया? जबकि तुम स्वयं अभी २१ साल कि ही है। फिर राज कि पुत्री ने राजा से कहा जहाँ तक इस मामले कि बात है इसमें सब कुछ अच्छा ही हो रहा है, जैसा कि यह होना चाहिए और आपको बिल्कुल वैसा ही करना चाहिए जैसा कि उस राजा ने कहा है और फिर भी आप मेरे पति के प्रस्ताव को खारिज करके, अपने क्षेत्र में सभी फायदों को अपने से दुर करने के लिए तैयार हैं, फिर राजा ने अपनी पुत्री से कहा कि यह किस प्रकार से ठीक है। और किस प्रकार से यह बुरा नहीं हैं, इसके बारें में मुझे समझाओ, और फिर मुझको इस विषय में क्या करना चाहिए? और ऐसा पति तुमको कैसे प्राप्त करेगा, जो आपको अपनी पत्नी के रूप में नहीं मानने का प्रस्ताव करता है? और यह बेतुकापन क्या है जो तुम बोल रही हो?

तब उसकी बेटी उठकर उसके सामने खड़ी हो गयी और उसने अपने हाथों को जोड़ कर एक साथ ताली को बजाती रही कि जब तक की उसकी चुड़िया भी नहीं बजने लगी, और इसके साथ उसने अपने पैरे को जमिन पर पटकना प्रारंभ कर दिया, जिसके कारण उसकी एड़िया जख्मी होगई, और उसमें से खुन निकलने लगे और उके पैरे के लाल-लाल निसान जमिन के फर्श पर पड़ने लगे, और उसका मुंह इस प्रकार से मुड़ने लगा जैसे वह काम से पिड़ित हो गई हो। और उसके शब्द तीर के समान घृड़ित वार करने के लिए व्याकुल होरहे थे, और उसने चिल्लाते हुए कहा क्या आप उसकी निती को समझते हैं, यद्यपि आपका चितंन अपने व्यक्तिगत फायदे के लिये है। उस तरफ ध्यान नहीं रहे है, जिससे सामुहिक रूप से जन कल्यण होने वाला है, क्या आप नहीं जानते है, जैसा कि संदेसवाहक ने कहा कि वह आदमी मेरा होने वाला पति है और वह मनुष्य के मध्य में हाथी के समान हैं। और वह मेरे लिए बहुमुल्य हैं, क्या आप औरत को समझते हैं, सायद आप नहीं जानते हैं, जिसने औरत के सम्बंध से मिलने वाले अमृत का स्वाद एक बार लिया है, वह उसको बार-बार प्राप्त करने के लिए व्याकुल रहता है। कुछ ऐसे भी लोग होते हैं जो अपने संपूर्ण जीवन को युं ही व्यतित कर देते हैं बिना औरत के सम्बंध से होने वाले मधुर मिठास का स्वाद लिए ही, यद्यपि देवताओं और राक्षस भी औरत के रास्ते को रोकने के लिए खड़े नहीं हो पाते हैं। और क्या आप मुझको समझते हैं, सायद नहीं जानते हैं, यह निश्चित हैं कि वह मेरा पति होगा और मैं उसको अपना पति बना लुंगी। चाहे कुछ भी हो जाये, किसी भी सर्त पर वह मेरा ही हो कर रहेगा, जिस प्रकार से बिन को बजाने वाला सपेंरा अपनी धुन पर सांप को नचाता है। उसी प्रकार से मैं अपने इसारे पर अपने पति को नचाउंगी। मैं उसको अपने चालाकि भरे मिठे बचनो से रीझाते हुये उसके सामने नाचती रहुंगी, जब तक की वह मुझ पर प्रसन्न हो कर मेरी इच्छा के अनुकुल

नहीं हो जायेगा। मेरे छल और स्त्रैण प्रपंच से वह किसी भी प्रकार से नहीं बच सकता है। राजा ने तब अपनी पुत्री के यह विश्वास भरे पांडित्य बचनो को सुन कर कहा मेरी पुत्री बिना संदेह के निश्चित ही तुम पांडित्य की कला से परिपूर्ण हो चुकी हो। और इस सुन्दर मस्तिस्क में बहुत से अद्भूत दिव्य और बहुमुल्य वैज्ञानिक विचार से भरे हैं। मुझे यह जान कर आश्चर्य हो रहा हैं कि इतनी छोटे-सी उम्र में तुमने यह सब कैसे प्राप्त कर लिया? यह सब शिवाय परमेश्वर के कौन तुमको बता सकता हैं? तुम्हारे समान कोइ नहीं हैं और पति के मामले में उसको अपने चापलुसि से बश में करने की व्यवस्था के बारें में तुम्हारा अद्भुत ज्ञान है, यद्यपि अभी भाषा के साथ उसकी तुकबंदी और व्याकरण को तुम सिख रही हो। यह सब सुनने के बाद राजा की पुत्री हंस पड़ी और कहा कि ओ मेरे प्रिय पिता क्या आप नहीं जातने हैं कि वास्तव में सभी प्रकार की कला हमें हमारें पिता से मिलती है, आप स्वयं विचार कर सकते हैं कि औरतों को उनके व्यापार कला का ज्ञान उनको उनके उम्र के साथ जीवन के अनुभव से मिलता है। जिसमें से कुछ औरते उसको अपने जिवन में धारण करती हैं, दूसरी औरते उसका परित्याग कर देती हैं, जिस प्रकार से श्रृष्टि का रचैता मकड़ी को उसका जाल बनाना सिखाता है, जिस प्रकार से मधुमक्खियें को मधु बनाना सिखा देता है, जैसे कमल के फुलों को खिलना सिखा देता है। इसी प्रकार से वह हाथी को उसके अनुकूल वुद्धि भी देता है, इस प्रकार से वह औरत को कैसे छोड़ सकता है? उनके उम्र के साथ उपयुक्त स्वभाव को देने से, अर्थात औरतो को उनके उम्र के साथ स्वभाव में भी परिवर्तन आजाता है। इस प्रकार से वह सभी समस्याओं के भार को अपने कंधे पर उठाने में समर्थ होजाती हैं, उसी प्रकार से आप भी मुझ मेरी समस्या का भार को मेरे कंधें पर डल दिजिये जिसके वहन के लिए मैं बिल्कुल तैयार हो चुकी हुं। इसलिए इस कारण की सफलता के लिए और मेरे पति और मेरे स्वयं के लिए, आप संदेशवाहक भेज दिजीयें और उनके प्रस्ताव को स्विकार कर लिजिये, और मुझको भी संदेश के साथ ही उनके पास भेज दिजिये, जितना जल्दी से जल्दी हो सके। और इस सम्बंध में मैं स्वयं अपने एक संदेशवाहक आदमी के मुह से अपनी तरफ से संदेश भेज दुंगी।

इस तरह से राजा ने अपनी मुर्खता को स्विकार कर के, वही किया जैसा कि उसकी पुत्री ने उससे कहा था। क्योंकि उसका अपने पुत्री के प्रति अगाध स्नेह भी था, जिसके कारण उसकी बातों को अस्विकार करने का साहस उसमें नहीं था। इसलिए उसने अपने पुत्री के अनुसार एक संदेशवाहक को अपने दामाद के पास भेजने के लिए तैयार होगया। कि मैंने आपके प्रस्तावित सर्त को स्विकार कर लिया है और इसके साथ मैं अपनी पुत्री को भी भेज रहा हुं, जिसके रूप में एक नया चांद आपके महल में उदित होने वाला हैं और मैं ऐसी आशा करता हूँ कि इसके साथ आप के जीवन में अच्छे शौभाग्य का उदय होगा। जिससे आपके स्वभाव में परिवर्तन आजायेगा। और जब संदेशवाहक लगभग जाने वाला था तभी राजा कि पुत्री ने उससे कहा कि तुम इन शब्दों को मेरी तरफ से मेरे पति से सवधानी के साथ कहना कि आप उन्हें जोड़ दें या एक को हटा दें आपकी स्त्रि दासी आपको नए चंद्रमा के साथ मिल रही है। और उसने अपने सभी स्वामी के आदेशों को ध्यान में रखा है। और उसके आने का समय वह मध्यस्थ के मुंह से समझ लेगी, परन्तु उसकी आँख उसकी उपस्थिति या उसके कान से उसकी वार्ता से नाराज नहीं होगी, जब तक कि वह स्वयं उसे अपने ही काम के लिए न बुलायेगा।

इस तरह से संदेशवाहक अपने साथ राजा के संदेश को लेकर उसके दामाद के पास गया और जब उस युवा राजा को अपने होने वाले स्वसुर का यह संदेश मिला, और उसके साथ भविष्य के होने वाली अपनी रानी का संदेश भी, तो उसने विचार किया की उसके शब्द बहुत अधिक मधुर और मोहित करने वाले हैं। और जिनसे अत्यधिक वुद्धिमत्ता की खुशबु भी आ रही है, और कानो के लिये वह श्रृंगार रस के समान हैं। लेकिन फिर भी वह एक औरत है, ध्यान रखना पड़ेगा कि उसकी छाया भी हमारें इर्द-गिर्द ना पड़ने पाये। इसलिए वह राजा स्वयं को उसी उजड़े शीव मंदिर में पहले के समान रहता रहा, जिसमें वह अपने जिवन को नष्ट कर देना चाहता था। क्योंकि वह ऐसी आशा करता था कि उसकी आने वाली रानी उसके लिए ज्वलंत अग्निकुण्ड के समान होगी जिसमें वह उसको भष्म करने का सामर्थ रखती हैं।

इसके कुछ समय के बाद, अंधेरे पखवाड़े का अंतिम दिन आने पर और नए चंद्रमा की पूर्व संध्या पर; अपने अनुचरों के साथ राजा की बेटी आयी, राजा के नगर में जाने के बजाय उसने शहर के बाहर अपना शिविर लगाया, जो जंगल के नजदीक था जहाँ से उजड़ा हुआ मंदिर दिखाई दे रहा था, क्योंकि वहाँ पर स्वयं राजा ने अपने पत्नी को अपना निवास बनाने के लिए आज्ञा दि थी।

एक नये चंद्रमा के प्रकाश विस्तार

अगले दिन सुबह प्रातः काल में पिछले दिन के रात्री का प्रकाश अभी आकाश में व्याप्त हो ही रहा था, युवा राजा सूर्य के उदय से पहले ही अपनी निद्रा से जाग गया और मंदिर के बाहर घुमते हुए आ गया। और मंदिर कि सिढ़ियों पर पर चलता हुआ कमल पुस्पों के झिल के पास पहुंच गया। और उसने देखा कि झिल के कमल पुस्प उसके प्रेमी के स्वागत कि तैयारी कर रहें थे और जैसे ही उसकी दृष्टि अपने पिछे पूर्व कि तरफ पर्वतों की चोटियों पर पड़ी जहाँ से सूर्य अपने उदय होने कि तैयारी में व्यस्त था। और उसने फिर अपनी आँखों से वृक्षों के मध्य में देखा, जिसमें अचानक उसको दिखाई दिया एक चमकता पैर उसकी तरफ आते हुए, पैर झिल के किनारें-किनारें चलते हुए धिरे-धिरे उसके पास आरहे थे, उसकी चेतना का चेहरा अपने विलासता पूर्ण ऐश्वर्य के साथ खिल रहा था जैसे वह द्विज का चन्द्रमा हो और उसने गहरें निले वस्त्रों को धारण कर रखा था। और उसने अपने हाथों में आम के पुस्पों को ले रखा था, जैसे उसने चन्द्रमा के सोलह कला को धारण किया हो। और जब राजा उसकी तरफ से मुड़ गया आश्चर्य और अप्रसन्नता पूर्ण आने वाले विनाश को विचार करके, वह राजा के पास आई। और राजा से कुछ दूरी पर खड़ी होगई, और कहा हे राजा मेरी मालकिन आ चुकी हैं। और उन्होंने मुझको आपके पास भेजा है, आपको सुझाव देने के लिए, जैसा कि उन्होंने आपसे वादा किया है कि वह क्षमा प्रार्थि हैं कि वह आपके पास अपने संदेशवाहक के रूप में किसी औरत को ही भेजेगी। किसी वुद्दिमान पुरुष के बजाय, क्योंकि उनको किसी पुरुष पर विश्वास या श्रद्धा नहीं है। इसलिए उन्होंने अपने स्वामी के लिए इन मूल्यहिन हाथों के द्वारा इस फुल को भेजा है। यदि आपकी निद्रा मिठी बीती होगी, तो यह उनके लिये अच्छा होगा।

फिर राजा ने चेतना से कहा उनके फुल और संदेश के लिए मेरा आभार अपनी मालकिन के लिए ले जाओ, और उनसे कहना कि निद केवल उनके लिए है, जो स्वयं से प्रेम करते हैं, और संसार से किसी प्रकार के सम्बंध नहीं रखते हैं, लेकिन एक बीमार आदमी के लिए रात्री पहले से तैयार एक अंधकार है। जिसमें बिना निद्रा के ही प्रातःकाल की भोर बेला को प्राप्त करता है। तब चेतना ने कहा यद्यपि यह एक धोखा देने की कला है, इससे कुछ अच्छी दूसरी वस्तु पहले बनी बनाई गई है। मैं दोनो प्रकार कि बिमारियों के इलाज के बारें में अच्छि प्रकार से जानती हुं। इस पर राजा ने उसको बड़े आश्चर्य के साथ देखा और कहा किसोर युवती यदि तुम जानती हो तो तुम आगे बताओ। आपका इस तरह का व्यवहार करने का तरीका, और आपका पुरुष होना है। फिर चेतना ने कहा हा! राजा क्या आप वास्तव में मेरे शरीर के बारे में सब कुछ जानते हैं, और फिर भी आपने इस अकेले पुराने मंदिर में अपने आप को कैदी बना दिया है, इतनी कमजोर और अपरिहार्य है, एक महिला के रूप का आकर्षण और उसकी चंचलता जिसके कारण आप उससे स्वयं को बचाना चाहते हैं। आप जानते हैं कि आपके समान एक बार एक युवा राजा था और संसार में जिने के तरिके से विल्कुल अनुभवहिन था, वह एक पत्नी को चाहता था जिससे वह बहुत अधिक प्रेम करता था। लेकिन वह मर गई, जिसके बाद उस युवा राजा ने सासांरिक व्यापारिक क्रिया कलाप और संसार की भोग विलास को आपकी तरह से त्याग कर दिया। और बहुत दूर एकांत जंगल में चला गया। और स्वयं के लिए जीने लगा, जैसा कि आप करते हैं, इस तरह के एक और पुराने उजड़े जंगली मंदिर में, निराशा के साथ जो अपने दिल-दिल में जल रहा था। और जब कोई भी उसके राज्य का आदमी या अधिकारी उसके राज्य के प्रति दाइत्व और जिम्मेंदारीयों, कर्तव्यों को समाझाने में या उसके इरादे को बदलने में या उसको जंगल से ले जाने में और उसके बैराग्य के भाव के त्याने के लिये तैयार नही सका। तब अंत में वहाँ पर उस राजा को देखने के लिए, वह मेरी तरह कोई एक युवा और बेवकूफ नौकरानी नहीं थी। बल्की झुर्रियों वाले एक वृद्ध ऋषि, जो उसके परिवार के आध्यात्मिक गुरु थे वह आये, और जब वह राजा के पास आये, जिन्होंने वृक्ष के छाल के वस्त्रों को बहुत कलाकारी के साथ पहन रखा था। और वह उस राजा के सामने आकर खड़े हो गए, किसी प्रकार के शब्द के उच्चारण किये वगैर। इस तरह से वह एक साथ शांत होकर खड़े रहे, अचानक वहां एक बांस के कोठी से एक उसका पत्ता जमिन पर निचे गिरा और वहाँ तत्काल पिला बांस का पत्ता इधर-उधर उड़ता हुआ झिल के शांत पानी में चला गया। औ वहाँ पानी के उपर तैरने लगा और तत्काल पत्ते को गिरते हुए देख कर वृद्ध आध्यात्मिक गुरु के हृदय में दुःख का सागर उमड़ आया। और वह जमिन असहाय हो कर जमिन पर गया और अपने कपड़ों को फाड़ने के साथ अपने बाल को पागलों कि तरह से नोचने लगा, और मिट्टी के साथ धुल को अपने दोनो हाथों से अपने सर पर फेंकने लगा। इसको देखर राजा ने कहा पिता ऐसा क्या आपके साथ अचानक होगया? जिससे आप इतने अधिक दुःखी और पागलों कि तरह से व्यवहार करने लगे हैं, वृद्ध ऋषि ने ओ-ओ कहा क्या तुमने ध्यान से नहीं देखा कि एक बांस के वृक्ष से पत्ता निचे जमिन पर गिर गया है? राजा को यह सुन कर आश्चर्य हुआ जिसके कारण उसने कहा पवित्र आत्मा निश्चित रूप से अब तुम्हारी मुर्खता आज तुम्हारें उपर हाबीं हो चुकी है। जिसके कारण ही तुम इस तरह से व्यवहार कर रहें हो। यह असाधारण दुःख मात्र एक साधरण पत्ते के लिए जो वृक्ष से गिर गया है। फिर वृद्ध ऋषि ने उस राजा से कहा हे राजा

तुम्हारें लिये यह मुर्खता हैं, क्या आप इस मुर्खता के लिए मुझको दोषी मानते हैं? कि मैं पत्ते के गिरने के लिए क्यो दुःखी हो रहा हुं? तो क्या आप जिसने स्वयं के सुख पूर्ण जीवन का त्याग कर दिया है वौ भी मात्र एक औरत के मृत्यु के कारण, क्या आप नहीं जानते हैं? कि यह मृत्यु हर एक वस्तु के साथ एक जैसा व्यवहार करती है। तो हमें हर किसी छोटी से छोटी वस्तु की मृत्यु पर दुःखी और अपने सुखों को त्याग कर देना चाहिए। जैसा कि मैंने किया जिसमें आपको मेरी मुर्खता का साक्षात्कार हो रहा है। फिर नस्वर औरत के शरीर के लिए दुःखी होने का आपके लिए इतना बड़ा क्या कारण हैं? यद्यपि किसी वृक्ष से पत्ते का गिरना उसी प्रकार से है जिस प्रकार से किसी मानव की मृत्यु होती है। और क्या, हे राजा, क्या यह मुर्खता नहीं हैं? कि सारी वस्तुओं का त्याग कर दिया जाना चाहिए, वह भी केवल एक औरत के चंचलता भरे आकर्षण औऱ स्नेह के कारण, क्या औरत का शरीर बहुत अधिक आकर्षक और स्थिर है। बांस के पत्तों की तुलना में? जिसके लिए आप जैसा राजा जो दुःख के असिमित सागर में डुबकिया लगा रहा है। जबकि इसके बाद भी बांस का पत्ता झील के पानी में तैर रहा है।

याद करगो, परन्तु यदि तू मुझे पीछे छोड़ देते हो, तो मैं अग्नि के माध्यम से आपका पीछा करूंगी। क्योंकि मैं तुम्हारे बिना नहीं रहूंगी, एक दिन के लिए भी नहीं। एक सपने की तरह और चांदनी की तरह और एक छाया एक तालाब की सतह पर जैसे रहता है। मेरे लिए कुछ भी नहीं गायब होना चाहिए, जब मुझे पदार्थ और उसकी वास्तविकता का ज्ञान दिया गया है। मैं क्या हूँ, यद्यपि इन दो आत्माओं कि एक प्रति और एक जीव की गूंज जो आप है? मेरा कर्तव्य और धर्म, आपको ध्रुव मान कर मडराना और आपकी अरुंधती, तुम्हारी रती और आपकी राधा, तुम्हारी चक्की और तेरे क्षेत्र भुमी, आपकी शक्ति और आपकी जुड़वां हूँ? मुझे केवल अपने प्यार के पहाड़ के साथ और दूधिया के महासागर की तरह मत रखना। मैं आपको अपना सब कुछ समर्पण कर दूंगी, और आपको दिखाऊंगी कि एक वफादार पत्नी के सौंदर्य से जो मक्खन है। और जो युवाओं की शराब है और खुशी का पेय है, और नमक हंसी, लहरों में जो झांग हैं और समुद्र में जो से पैदा हुआ है। और मैं तुझ पर एक अमृत और एक कपूर और कमल के एक मीठे आनंद की वर्षा करुगी। और आपको अपने जीवन का सार और स्वाद को दिखाऊंगी। और तुम्हारे पास वह मेरे बिना होगा, यह खाली था और बिना किसी अर्थ के एक शब्द और एक चंद्रमा के बिना रात।

और फिर राजा ने उसका सिर अपने हाथों में रख लिया और उसने उसकी आंखों में देखा, और पता किया की उसके शब्द सच्चाई के काबील जबाब थे। और अचानक, एक हिंसक प्रयास के साथ, उसने उसे खुद से दूर कर दिया और खड़ा हुआ, अपनी खुशी के जुनून के लिए, उसके दिल से अधिक सहन हो सकता था और फिर एक पल में वह उसके पास लौट आया। और उसने कहा, प्रिय, आप कुछ भूल गई हैं। और उसने कहा क्या? तब उसने कहा क्या तुम झील से अपनी मालकिन के लिए कमल नहीं ले जाओगी?

तब चेतना खुशी से हँसने लगी, और उसने कहा हे राजा, तूने ठीक कहा है और वे एक साथ हो गए और झील की तरफ चले गए। और जैसे ही वे गए, राजा ने उसे देखा और थरथराया और उसने खुद से कहा फिर भी उसने मुझे चूमा नहीं है। और यह अभी भी आना बाकी है। फिर वे झील के पास पहुंचे और उन्होंने उसके किनारे पर एक बढ़ते हुए कमल पाया। और राजा ने कहा तू इसे फेंक देगी, और मैं तेरे हाथों से इसको पकड़ुंगा, ऐसा न हो कि तू पानी में गिर जाए और वह उसे अपनी बाहों में ले लिया। और वे झील में झुक गए और चेतना ने कमल के लिए अपने हाथ को आगे बढ़ाया। तब राजा ने उसके कान में फुसफुसाया देखो, मैंने तुम्हें पानी के पास लाया हुं। एक के बजाय आपके दो चेहरे हो सकते हैं। अब, मैं किसको चुंबन दूंगा और जो मुझे चूमता है, चेतना या रानी है?

जादूगर कालिया

बहुत समय पहले कि बात है एक राजा थे। जिसके पास उनकी सात पुत्रीयाँ थी। वे सब बहुत सुन्दर और अच्छी लड़कियाँ थी। लेकिन उनमें जो सबसे छोटी पुत्री थी जिसका नाम सुनयना था। वह अपनी सभी बहनों में बहुत ही अधिक चालाक और समझदार थी। राजा की पत्नी का जब मृत्यु हुई, तब वह सब बहने बहुत छोटी थी। इस तरह से इन बेचारी सात राजकुमारि लड़कियों कि देखभाल की जिम्मेदारी राजा के कन्धों पर आगई थी। उनकी देखभाल करने वाली उनकी कोई माँ नहीं थी।

राजा की पुत्रीयाँ आगे चल कर राजा के लिये भोजन बनाने का कार्य करने लगी। और हर दिन वहीं राजा के लिये भोजन बना कर देते थी। तब भी जब राजा अपने मंत्रीयों के साथ महल से बाहर होता था. देश के किसी कार्य के लिये।

लगभग इसी समय देश के प्रधान सेवक की मृत्यु हो गई, और उसने अपने पिछे पत्नी के साथ एक छोटी लड़की को इस संसार में छोड़ गया था। जब राजा की सात लड़किया अपने पिता के लिये भोजन को तैयार कर रही थी। उसी समय प्रधान कि विधवा पत्नी और उसकी पुत्री इन राजा कि लड़कियों के पास आई। इनके चुल्हे से थोड़ी-सी आग को मागने के लिये। सुनयना ने अपनी बहनो से कहा कि इस औरत को यहाँ से भगा दो, और इससे कहो की यह अपने घर में आग को स्वयं पैदा करे। यह हम सब से क्या मांगने के लिये रोज हमारे यहाँ पर चली आती है। अगर हमने यहाँ इसे रोज आने की आज्ञा दे दी, तो यह किसी एक दिन हमारे लिये ज़रूर मुसिबत का कारण बनेगी ।

लेकिन सुनयना की दूसरी बहनों ने सुनयना से कहा कि शान्त रहो, आखिर तुम अक्सर इस वेचारी विधवा औरत से क्यों लड़ती और झगड़ती रहती है? इसके साथ इसको भला बुरा भी कहती हो, इस वेचारी का कसुर हि क्या हैं? केवल हमारें यहाँ आकर हमारे चुल्हे से थोड़ी-सी आग ही तो मांगती है। अब इसे थोड़ी-सी आग दे भी दो, इस तरह से प्रधान कि विधवा पत्नी रोज राजा कि रशोई में आग लेने के लिये आने लगी। और वहाँ से कुछ जलती हुई लकड़िया ले लेकर अपने घर जाती थी। और जब वह देखती की रसोंई में कोई उसको देखने वाला नहीं है। तो वह विधवा औरत बहुत जल्दी-जल्दी राजा के लिये तैयार भोजन में राख को मिला देती थी।

अब जब राजा अपनी पुत्रीयों को बहुत अधिक प्रेम करता था। उसकी पत्नी के मरने के बाद, यह उसकी लड़किया ही उसके लिये भोजन तैयार अपने हाथों से करती थी। जिससे राजा को ऐसा कोई खतरा नहीं महसूस हुआ कि उसके भोजन में किसी प्रकार का जहर मिलाया गया है। लेकिन जब राजा ने अपने खाने के भोजन में राख को मिला पाया तो उसने विचार किया, कि यह अवश्य उन लड़कियों के लापरवाही के कारण ही भोजन में राख मिल गई है। ऐसा नहीं है कि किसी ने अपने किसी कुरुप मकसद को साधने के लिये उसके भोजन में राख या जहर को मिलाया है। राजा यह विचार करने लगा कि यह कैसे हुआ? यद्यपी राजा स्वंय बहुत अधिक उदार और अपनी पुत्रीयों के प्रती दयालु प्रकृती का व्यक्ती था। इसलिये वह उन्हें किसी प्रकार कि सजा इसके लिये नहीं देना चाहता था। यद्यपि करी की खराब स्थिति को कई दिनों से दोहराया जा रहा था।

अंत में राजा ने निर्णय किया कि वह छुप कर देखेगा अपनी पुत्रियों को अपना भोजन बनाते हुए। कि यह सब कैसे और क्यों रोज ही हो रहा है? इस लिये राजा अपने दूसरे कमरे में गया। और वह

अपनी पुत्रियों को खाना बनाते हुए दिवाल के गुप्त झरोखे से, उन लड़कियों को छुपकर खाना बनाते हुए देखने लगा। और उसने देखा कि उसकी सात लड़किया बड़ी सावधानी से चावल को धो और बड़ी स्वच्छता से करी को तैयार कर रही हैं। और जैसे ही सभी प्रकार के भोजन बन कर तैयार हो गया। तो उनको स्वच्छता के साथ चूल्हे से दूर हटा कर रख दिया। आगे राजा ने देखा कि प्रधान कि विधवा पत्नी आग जलाने के लिये कुछ लकड़िया मांगने के लिये आई। अपने भोजन को पकाने के लिये। तभी सुनयना उस पर क्रोधित हो कर उससे कहा कि तुम अपने घर में क्यों नहीं जलाने का इधन रखती हो? और रोज हमारे यहाँ हमारी वस्तुओं को मत मांगने के लिये इस तरह से चली आया करो, तुमको थोड़ी भी शर्म नहीं लगती है। जब देखो तब मुह उठाये चली आती है कुछ ना कुछ मांगने के लिये।

फिर सुनयना कि दूसरी बहनो ने सुनयना से कहा कि चलो कुछ लकड़िया और आग, वेचारी, कमजोर इस औरत को दे भी दो। यह हम सब को किसी प्रकार का नुकसान नहीं पहंचा सकती है। लेकिन सुनयना ने उत्तर में कहा अगर तुम सब इसको रोज हमारे यहाँ आने के लिये इजाजत देती रहोगी। और रोज किसी ना किसी वस्तु को देती रहोगी, तो यह एक दिन हमारे लिये किसी भयानक समस्या को पैदा कर देगी। और तब हम सब को इसके लिये दुःख को सहना पड़ेगा।

जब राजा ने प्रधान की विधवा पत्नी को देखा कि वह लकड़ियों को लेने के बाद प्रत्येक खाद्य पदार्थ में थोड़ो-थोड़ा करके सभी भोजन में, जो उसकी पुत्रियों के द्वारा अच्छे और सुन्दर तरिके से तैयार किये गये थे उनमें राख मिला रही है।

इस पर राजा बहुत अधिक क्रोधित हुआ और उसने अपने आदमियों को उसे पकड़ने के लिये भेजा और कहा कि उसको मेरे सामने प्रस्तुत करो सिघ्र ही। लेकिन जब विधवा आई, तो उसने कहा कि वह एक खेल-खेल रही थी। कि उसको ऐसा करते हुए कोई देखता है कि नहीं, और उसने बड़ी चालाकी और धुर्तता पूर्ण कलाबाजी से युक्त अपने शौभाग्य और उत्थान के लिये राजा की प्रशंशा में अद्भुत शब्दों में यशोगान को गाया। जिसके परिणाम स्वरूप राजा उस पर अत्यधिक प्रसन्न और काम से मोहित हो कर उसको दण्ड देने के स्थान पर उसे अपनी रानी बनाने का निर्णय कर लेता है। और इस तरह से उससे वह विवाह कर लेता है। और वह विधवा अपनी-अपनी पुत्री के साथ राजा के महल में ही रहने लगती है।

अब रानी राजा कि पहली पत्नी से उत्पन्न सात लड़कियों से बहुत अधिक नफरत और घ्रिणा करने लगी। और वह चाहती थी कि किसी प्रकार से इनको इस महल से बाहर किया जाये। जिसके लिये वह नयें-नये तिकड़म रचने लगी। और वह विचार करने लगी कि जैसे भी संभव हो, किसी भी तरह से इनको यहाँ से भगा देने का, क्योंकि इसके बाद ही राजा का सारा धन और संपदा के साथ सभी प्रकार का ऐश्वर्य केवल उसकी एक पुत्री का हो सकता है। और मेरी पुत्री उनके स्थान पर राजकुमारी के रूप में इस महल में रहेगी। इसके बजाय कि उसको राजा की पुत्रियों के प्रती करुणा, दया, प्रेम से युक्त व्यवहार करना चाहिये। यद्यपी वह हर प्रकार से केवल राजा कि सात पुत्रियों को प्रताणित और दुःखी करने वाले हि सारे कार्यों को करने लगी थी। इस तरह से उसने राजा कि सात पुत्रीयों के खाने पिने पर प्रतिबंध लगा दिया। और वह उनको बहुत कम खाने के लिये खाना और पिने के लिये बहुत कम पानी दिया करती थी। इस तरह से सातों बहनों पर हर प्रकार से दुःखों का ही श्रोत खुल रहा था । और इसके

विपरित जो प्रधान के द्वारा उत्पन्न रानी की एक छोटी पुत्री थी। उसके लिये हर प्रकार कि सब ऐश्वर्य पूर्ण वस्तुओं को उपस्थित किया जाने लगा महल में, रानी की आज्ञा से. और उसे राजकुमारी की तरह से आरामदायक जीवन जीने के लिये। हर तरह से उसकी माँ ने उसको प्रोत्साहित किया और अपनी पुत्री के लिये रानी ने अच्छे-अच्छे खाद्य पदार्थ, अच्छे-अच्छे कपड़े हर प्रकार की वस्तुओं का संग्रह करने लगी। और राजा कि पहली पत्नी से उत्पन्न सात पुत्रियों को सभी प्रकार कि वस्तुओं से वंचित कर दिया गया। वह सभी बहने बहुत दुःखी उदाश और अत्यधिक परेशान रहने लगी। उनको समझ में कुछ नहीं आ रहा था कि वह क्या करें? इस तरह से वह सात बहने दुःखी हो कर महल से बाहर रोज जाकर अपनी माँ कि समाधि पर रोया करती थी। और इस प्रकार से कहा करती थी माँ ओ माँ क्या तुम अपनी वेसहारा, लाचार, बेवश पुत्रियों को नहीं देख सकती हो, हम सब कितने अधिक अप्रसन्न और दुःखी है? और हम सब कैसे भुखे प्यासे रह सकते है? इस क्रुर निर्दय सौतेलि माँ के साथ।

एक दिन जब वह सब एक साथ अपनी माँ की कब्र पर बैठ कर रोने के साथ शिशकियाँ भर रही थी। और तभी उन्होंनें देखा कि एक उनकी माँ के समाधि स्थल के पास ही एक बहुत सुन्दर अनार का वृक्ष उत्तपन्न हो गया। और पुरी तरह से ताजे पके हुए सुन्दर स्वादिष्ट फलो से लद गया। और इस तरह से सभी बच्चों ने अपनी भुख को पके फलों को खा कर शान्त किया और हर रोज जब उनकी सौतेली माँ उनको खाने के लिये पर्याप्त भोजन नहीं देती थी। तो वह सब अपनी माँ के इस कब्र पर आकर इसी तरह से फलों को खां कर अपनी भुख को शान्त कर लिया करती थी। आगे चल कर उन सब बहनों ने अपनी सौतेली माँ के द्वारा दिया गया घटिया भोजन भी खाना बन्द कर दिया। और केवल अनार के फलों को खाकर ही जीवीत रहने लगी। क्योंकि वह अनार का पेड़ अद्भूत था, जितना अधिक फलों को तोड़ा जाता था। उससे अधिक पके हुए स्वादिष्ट फल अगले दिन लग जाते थे। जो उन बहनों के लिये पर्याप्त भोजन के समान कार्य करते थे।

उन सब सात बहनो की सौतेली माँ ने देखा, कि वह जब भी भोजन के लिये कहती है, उन सात बहनो को और वह सब खाने के लिये मना करने देती है। जब ऐसा ही कई दिनो तक चलने लगा, तो उसको बड़ी चिन्ता होने लगी। उसने अपनी पुत्री को बुलाया और कहा कि यह सात लड़किया खाना-पिना कुछ भी महल में नहीं करती है। इसके विपरित यह सब स्वस्थ और सुन्दर हैं, इनको कोई विमारी भी नहीं है। इनके शरीर पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ता है, यह तो तुम से भी अधिक सुन्दर और आकर्षण दिखती है। मैं नहीं जानती कि ऐसा कैसे हो रहा है? इन सब राजकुमारियों के साथ, तुम जा कर देखा करों छुप कर कि कोई इन सबको खाने पिने के लिये तो नहीं देता है।

इस तरह से जब सात राजकुमारिया अपनी माँ कि समाधि पर गई, और वहाँ सुन्दर और स्वादिष्ट अनार के पके फलो को खा रही थी। तभी इनके पिछा करते हुए प्रधान कि पुत्री भी वहाँ पहूंच गई, और उसने देखा कि वह सब अनार के पके हुए फलो को एकत्रित कर रही थी।

तभी सुनयना ने उसको देख कर अपनी दूसरी बहनो को सम्बोधित करते हुए कहा कि क्या तुम सब नहीं देख रही हो? कि यह लड़की हम सब का पिछा कर रही है और हम सब को देख रही है। आवो हम सब मिल कर इसको यहाँ से भगा देते है, या इन सब अनार के फलों को छुपा देते है। अन्यथा यह

यहाँ से जायेगी और हम सब के बारे में सब कुछ अपनी माँ से कह देगी, और इसके बाद हमारे साथ जो भी होगा वह वहुत अधिक बुरा और दुःख दाई होगा।

लेकिन सुनयना कि दूसरी बहनों ने कहा नहीं-नहीं सुनयना तुम इतना अधिक इस निर्दोष लड़की के प्रती निर्दई मत बनो। यह लड़की इतनी अधिक निर्दई और क्रुर स्वाभाव कि नहीं है, जो यहाँ से जा कर सब कुछ अपनी माँ से कह देगी। आवो हम सब उसको अपने पास बुलाते है। और उसको भी खाने के लिये कुछ स्वादिष्ट फलों को देते है। और उन सब ने उस प्रधना की पुत्री को अपने पास बुलाया, और उसको खाने के लिये एक अनार का फल दे दिया।

प्रधान की पुत्री ने धिरे-धिरे उस अनार के फल को खाते हुए, अपनी माँ के पास महल में गई और अपनी माँ से कहा कि मुझे कोई आश्चर्य नहीं है, इस पर कि वह सात बहने खाना नहीं खाती है। जो महल में उनके लिये तैयार किया जाता है। क्योंकि उनकी माँ के द्वारा रोज उनको पके हुए स्वादिष्ट अनार का फल खाने के लिये दिया जाता है। और इसलिये वह सभी बहने रोज अपनी माँ की कब्र पर जाती हैं। और वहां पर अनार के फलों को खाती है। मैंने भी उसमें से एक फल खाया था जो अती सुन्दर और अद्‌भुत था। ऐसा फल मैने कभी अपने जीवन में नहीं खाया था।

यह सब सुन कर वह क्रुर रानी बहुत अधिक दुःखी और परेशान हो गई। अगले दिन उसने अपना पुरा समय अपने कमरे में ही बिताया और राजा से कहा कि उसके सर में बहुत बुरी तरह से दर्द हो रहा है। राजा अपने अन्दर बहुत अधिक गहराई से दुःखी और उदास हो गया। और उसने कहा कि बताओ मेरी जान मैं तुम्हारे लिये क्या कर सकता हूँ? उसने उत्तर में कहा केवल एक ही वस्तु है, जो मुझे इस सर दर्द से मुक्त कर सकती है। वह यह है कि जो तुम्हारी पहली पत्नी कि समाधि है। वहाँ पर एक अनार का सुन्दर वृक्ष उगा है। उसको उखाड़ कर उसके जड़ और तने के साथ पत्तों को थोड़े पानी में उबाल कर मेरे सर पर उस उबले जल से जब मालिस करनी होगी। तो मेरा सर दर्द पूरी तरह से ठीक हो जायेगा। इस तरह से राजा ने अपने कुछ नौकरों को, अपनी पहली पत्नी की समाधि पर भेजा, और कहा कि वहाँ समाधि स्थल के पास जो सुन्दर अनार का वृक्ष उगा है। उसको उखाड़ कर जड़, तना, पत्तो समेत मेरे पास लेकर यहाँ पर आवो। सेवको ने राजा कि आज्ञा के अनुसार जड़ समेत उस सुन्दर अनार के वृक्ष को उखाड़ के राजा के पास ले आये। और राजा के द्वारा उनको उबाल कर जल में रानी के लिये औषधी के रूप में उपस्थित कर दिया गया। जिसके सेवन से उस क्रुर रानी ने राजा से कहा कि वह अब बिल्कुल ठिक हो गई है। और अच्छा महसूस कर रही है। अगले दिन जैसा कि प्रायः सातों बहने अपनी माँ की समाधि पर जाया करती थी। जब वहां अपनी मां की समाधि पर गई। और उन्होंने देखा कि वहाँ पर से अनार का वह सुन्दर वृक्ष गायब हो चुका था। तो वह सब बहुत बुरी तरह से दुःखी होकर रोना शुरु कर दिया।

अब वहाँ पर जहाँ पर कभी अनार का वृक्ष था उसके स्थान पर एक छोटा-सा तालाब बन गया था।और वह मक्खन के समान पदार्थ से भर गया, और जो जल्दी ही सफेद ठोस विस्किट में बदल गया। जिसको रोती हुई सातो बहनो ने आश्चर्य के साथ देखा। इसको देख कर वह सात बहने बहुत अधिक

प्रसन्न और उत्साहित होगई। और उन सब उसमें से कुछ विस्किटों को उठा कर खाया। जो उनको बहुत अधिक पसन्द आया, और अगले दिन भी वहीं हुआ। और ऐसा ही कई दिनो तक चलता रहा। हर रोज सुबह राजकुमारिया अपने माँ की समाधि पर जाती थी। और वह देखती की उस छोटे तालाब में पहले मक्खन बनता फिर वह विस्किटों का रूप ले लेता है। जिसको वह सब खा कर अपनी भुख को शान्त कर लेती थी। फिर उस क्रुर और निर्दई रानी ने अपनी पुत्री को बुला कर कहा मुझे पता नहीं कि यह क्या हो रहा है? जबकि मैने अनार के वृक्ष को उखाड़वा दिया है जो रानी की समाधि पर उगा था। फिर भी वह सब लड़कियाँ ना ही बिल्कुल दुःखी या उदास हुई, और ना ही वह सब दुबली पतली हुई। यद्यपी वह सब अपना भोजन अब भी महल में नहीं करती है। जो मैं उनके लिये तैयार कराती हूँ। मैं इसके बारे में कुछ भी नहीं कह सकती हूँ कि ऐशा कैसे हो रहा है?

और उसकी पुत्री ने कहा कि मैं उन पर नजर रखुगी और देखुगीं आखिर माजरा क्या है?

अगले दिन जब सातों बहनो ने अपनी माँ कि समाधि पर जा कर मक्खन से बने विस्किटों को खा रही थी। तभी सबसे पहले सुनयना ने प्रधान की लड़की को अपनी जासुसी करते देखा, जो उन सब पर छुप कर नज रख रही थी। और उसने अपनी बहनों से कहा देखो वह लड़की दोबारा यहाँ पर फिर आई है। आवो हम सब चारो तरफ से इस तालाब को ढक लेते है। जिससे वह इसको नहीं देख सके, अगर हम सब ने अपने विस्कुट का थोड़ा भी टुकड़ा इसको दिया। तो यह अवश्य जा कर अपनी क्रुर और निर्दई माँ से कहेगी, जो हम सब के लिय बहुत बड़ा दुर्भाग्य को लाने वाला होगा।

सुनयना की दूसरी बहनो ने समझा कि सुनयना अनावश्यक संदेह करती है। और उन सबने उसके सुझाव पर बिल्कुल ध्यान नहीं दिया, इसके विपरित उन्होंने प्रधान के पुत्री को भी अपने पास बुलाकर उसे भी कुछ विस्किट खाने के लिये दे दिया।

क्रुर रानी ने जब राजकुमारियों के अदम्य शाहस, उत्साह और हौशले से पूर्ण कार्य के बारें में सुना तो वह बहुत व्यग्रता के साथ क्रोध से लाल पिली होने लगी। और इसके साथ उसने अपने नौकरों को बुला कर कहा अभी जाओं रानी की समाधि को वहाँ से उखाड़ दो। और उसके पास में उपस्थित छोटे तालाब को नष्ट करके उसमें मलमुत्र भर दो। और इस पर भी वह संतुष्ट नहीं हुई। अगले दिन वह फिर भयंकर बिमारी का बहाना करके अपने महल के कमरे में पड़ी रही। और कहने लगी की अब सच में यह उसके जीवन का आखीरी समय आगया है। इसको सुनते ही राजा अत्यधिक दुःख से भर गया। और उसने रानी से कहा क्या उसके सारे सामराज्य कि शक्ति के बदले में। यदि कोई उपाय है, तो वह कहे जिसको वह राजा अपना सब कुछ देकर खरिद ले, और जिससे रानी का जीवन बचाया जा सके।

क्रुर रानी ने कहा केवल एक वस्तु है, जो मेरे जीवन को बचा सकता है, लेकिन मैं जानती हूँ कि तुम इस कार्य को हमारे लिये कभी नहीं कर पाओगे। राजा ने कहा तुम कहो वह कुछ भी होगा, मैं उसे अवश्य पुरा करूगा, इसके लिये मैं तुमसे वादा के साथ प्रतिज्ञा करता हूँ। फिर उसने कहा मेरे जीवन को बचाने के लिये, तुमको अवश्य अपनी पहली पत्नी से उत्पन्न सातो पुत्रियों कि हत्या करनी होगी। उनका कुछ खुन मेरे सर और मेरी हथेलियों पर लगाना होगा। इस तरह से उनकी मृत्यु ही मेरा जीवन

है। इन शब्दों को सुन कर राजा दुःख और पिड़ा से भर गया, उसके पैरों के निचे से जैसे पृथ्वी गायब हो चुकी हो। और वह मुर्छा खा कर गिरने वाला होगया हो। लेकिन फिर भी राजा ने स्वयं को सम्हालते लिया। क्योंकि राजा को अपने प्रतिज्ञा के टुटने का भय था। इसलिये भारी हृदय के साथ वह कमरे से बाहर आगया। और राजकुमारियों को तलास करने लगा।

राजा ने अपनी सातों पुत्रियों को अपनी पहली पत्नी के बर्बाद समाधि स्थल पर रोते हूए पाया।

फिर राजा के हृदय में भाव उठा उन सबकी हत्या ना करने के बारें में, राजा ने अपनी पुत्रियों से प्रेम पूर्वक बोला कि तुम सब चलों मेरे साथ इस जंगल से बाहर। कुछ दूर जा कर एकान्त जंगल में राजा ने आग जलाई और उन सब के लिये कुछ चावल को पका कर, उनको खाने के लिये दिया। लेकिन दोपहर का समय था इस समय बहुत अधिक गर्मि हो रही थी। जिसके कारण वह सभी सातों बहने गहरी निद्रा में खाने बाद चली गई। और जब राजा ने देखा कि यह सब सो चुकी है। तो वह उठा अपने स्थान से और चोरी से छुप कर उन लड़िकयों कि निगाह से वहाँ जंगल से भाग गया। उन सब को वहीं निद्रा अवस्था में छोड़ कर (अपनी पत्नी के भय के कारण) और अपने मन में सोचता हुआ कि यह हमारी पुत्रीयों के लिये यही अच्छा है। कि यह सब यहाँ एकान्त जंगल में भुखे–प्यासे किसी भुखे जानवर के भोजन के रूप में अपनी मृत्यु को प्राप्त करें। इसके बजाय कि यह सब अपनी सौतेली माँ के द्वारा मारी जाये, यह इनके लिये बहुत ही बुरा होगा।

फिर राजा ने जंगल में एक हिरण को मार कर, उसके खुन को लेकर अपने महल में आया। और उस खुन को रानी के सिर और उसके हथेलियों पर लगाया, और क्रुर रानी ने सोचा कि राजा ने सच में सातों राजकुमारियों को मार दिया है। और उसने राजा से कहा कि अब वह स्वयं को बिल्कुल अच्छा महसूस कर रही है।

राजा के चले जाने के कुछ देर बाद हि सातों राज कुमारियों कि निद खुल गई। और उन्होंने अपने आपको घने जंगल में अकेले पाया। जब उन्होंने अपने चारों तरफ भयंकर जंगली जानवरों को चिग्घाड़ने कि आवाज को सूना। जिसको सुनते ही उन सबका रोआ-रोआ भय से कांपने लगा। उनका पुरा का पुरा शरीर भय से थर थराने लगा। जिसके कारण वह सब भय से आक्रान्त हो कर रोने और चिल्लाने लगी। और उनमें जितनी शक्ति थी पुरी शक्ति को लगा कर अपने पिता को पुकारने लगी। इस आशा से कि सायद उनकी आवाज को सुन कर राजा वापस आ जाये। लेकिन उन सब को ऐसा करते हुए बहुत समय गुजर गया। उन सब को शिवाय अपनी आवाज के जैसे बादल गड़ गड़ा रहे हो ऐसा सुनाई दे रहा था इसके अतिरिक्त कुछ भी नहीं था।

ठिक उसी दिन उस जंगल में एक दूसरे पड़ोसी देश के सात राजकुमार वहाँ शिकार करने के उद्देश्य से आये थे। और वह सब अपने राज्य ते लिये प्रस्थान कर रहे थे। तभी उन राज कुमारों में से सबसे छोटे राजकुमार ने अपने भाईयों को रोकते हुए, कहा कि ज़रूर कोई इस जंगल में फंसा है। और वह हम सब को अपनी सहायता करने के लिये पुकार रह है।

अभी सब लोग यही ठहर जाओ मैं समझता हूँ कोई रो- रहा है और किसी को बुला रहा है, क्या तुम सब इस आवाज को नहीं सुन रहे हो? चलो इस दिशा में चलते है। जहाँ से यह आवाज आरही है, और तलास करते है कि यह कौन है?

इस तरह से सातो राजकुमारों ने जंगल को चिरते हुए अपने-अपने घोड़ों को उसी दिशा में दैड़ा दिया। जहाँ से यह मार्मिक आवाज आ रही थी। और कुछ ही समय में वह सब राजकुमार उस जंगल में पहूंच गये। जहाँ पर वह सात राजकुमारियाँ मार्मिक विलाप के साथ अपने हाथों को बजा रही थी। इस दृश्य को देख कर सबसे बड़ा राजकुमार बहुत अधिक आश्चर्यचकित हूआ और बड़ी व्यग्रता के साथ उन सब कि सारी कहानी को बड़ी रुची के साथ सुना और उन सब ने बहुत कुछ नया जीवन के बारें में सिखा और उन सब राजकुमारों ने यह निश्चय किया। जो परमेश्वर के द्वारा यह औरते मिली है, इनको अपने साथ अपने राज्या में ले जायेगे। और इन सब के साथ विवाह कर करके अपने साथ ही रखेगे।

इस तरह से सबसे बड़े राज कुमार ने सबसे बड़ी राजकुमारी से विवाह किया। और दूसरे ने दूसरे राजकुमारी से, तीसरे राजकुमार ने तीसरी राजकुमार से विवाह किया, ऐसे ही प्रत्येक राजा कुमार नें प्रत्येक राजकुमारी से क्रम के अनुसार अपना-अपना विवाह समपन्न कर लिया। अन्त में सातवीं राजकुमार ने सबसे सुन्दर और सबसे अधिक वुद्धिमान राजकुमारी सुनयना से अपना विवाह किया।

और जब वे अपने ही देश में आए, तब सात राजकुमारों की शादी में सात ऐसी खूबसूरत राजकुमारियों के लिए पूरे राज्य में बहुत खुशी हुई.।

इस सुनयना को करीब एक साल बाद एक बेटा के पैदा हुआ। और उसके चाचा और चाची लड़के से इतने अधिक प्रसन्न थे, कि ऐसा लगता था कि उस लड़के पास सात पिता और सात माँ हैं। अन्य किसी भी राजकुमार और राजकुमारियों में से किसी को भी बच्चा नहीं था। इसलिए सातवीं राजकुमार और सुनयना के बेटे को बाकी सभी ने अपने वारिस की तरह से स्वीकार किया था।

इस तरह वे कुछ समय तक वह बहुत खुशी के साथ रहे, कुछ एक अच्छे दिनो के बाद सातवें राजकुमार (सुनयना के पति) ने कहा कि वह शिकार के लिये बाहर जाएंगा। और वह शिकार के लिए अकेला चाला गया, इसके बाद सुनयना ने लंबे समय तक इंतजार किया। अपने पति का लेकिन वह कभी वापस नहीं आया।

फिर उसके छह भाइयों ने कहा कि वे जाकर देखेंगे, कि उसके भाई को क्या हुआ, और उसके बारे में पता लगायेगें? और वे चले गए, लेकिन वे भी वापस कभी नहीं आए।

और सात राजकुमारियों को बहुत दुःख हुआ, क्योंकि उन्हें डर था? कि उनके पति को किसी तरह से जंगल में किसी के द्वारा मार दिया गया है।

एक दिन जब बहुत अधिक दिन नहीं बिता था यह सब कुछ हुए। जैसा कि सुनयना अपने पुत्र कोअपने महल के कमरें में पालने में झुला रही थी। और उसकी सभी बहने निचे के कमरों में काम कर रही थी। ठीक उसी समय कोई महल के दरवाजे के पास आया, जिसने काला लबादा पहन रखा था।

जो स्वयं को फकिर कह रहा था और उसने कहा कि वह यहाँ पर भिक्षा मांगने के लिये आया है। नौकर ने कहा कि तुम महल के अन्दर भीक्षा मांगने के लिये नहीं जा सकते हो। राजा के सभी पुत्र इस समय बाहर गये है। और हम सोचते की वह सब मर चुके है, और उनकी विधवाओं को तुम्हारी भीक्षा से परेशानी हो सकती है। इसलिये तुम्हें अन्दर नहीं जाने दिया जायेगा। लेकिन उस आदमी ने के कहा कि मैं एक पवित्र आत्मा हूँ। तुम मुझे अन्दर जाने दो, फिर उन मुर्ख नौकर ने उस आदमी को अन्दर महल में जाने कि अनुमती देता है। लेकिन वह सब यह नहीं जानते थे कि वह सच में कोई फकिर या साधु नहीं था। वह तो एक बहुत क्रुर के साथ एक कुरुपात्मा जादुगर कालीया था।

जादुगर कालीया ऐसे ही महल में घुम रहा था और उसने बहुत-सी सुन्दर वस्तुओं को देखा, अन्त में उस कमरें में पहूचा जहाँ पर सुनयना अपने छोटे वेटे को पालने में झुलाते हुए उसको लोरी सुना रही थी। उसको देखते ही जादूगर कालीया ने सोचा कि इतनी अधिक सुन्दर औरत जो स्वर्ग कि किसी अप्सरा की तरह दिख रही थी। आज तक उसने अपने जीवन में कभी नहीं देखा है, इस प्रकार उससे अत्यधिक मोहित हो कर वह सिधा उसके पास चला गया। और उससे कहा कि मैं तुमको पसंद करता हुं, तुम मेरे साथ मेरे घर पर चलो मैं तुमसे विवाह करना चाहता हूँ। लेकिन सुनयना ने कहा मेरा पति है मुझे डर है कि उनकी मृत्यु हो चुकी है। फिर भी मेरा यह छोटा-सा वेटा है, जिसके लिये मैं यहाँ निश्चित रूप से रहुंगी। और इसको इस दूनिया में जिने के लिये इसको शिक्षा दे कर एक वुद्धिमान और चालाक पुरुष बनाउगी। जो मेरी जीम्मेदारी है, और जब वह बड़ा हो जायेगा, तो वह दुनिया में जाएंगे और अपने पिता को तलासने कि कोशिश करनी करेगा। स्वर्ग ने मुझे मना कर दिया है, मैं उसको कभी भी नहीं छोड़ सकती हूँ और ना ही तुमसे कभी शादी कर सकती हूँ। "इन शब्दों को जादूगर कालिया ने जब सुना तो बहुत क्रोधित हुआ और उसने सुनयना को अपने जादु से दम पर एक छोटे से काले कुत्ते में बदल दिया। और उसे ले कर अपने साथ चल दिया, यह कहते हुए, यद्यपी तू मेरे साथ नहीं आएंगी स्वतंत्र इच्छाशक्ति जो तेरी है। मैं तुझको अपना बनाऊँगा।" तो बेचारी राजकुमारी ने कुत्ते के रूप में उसके साथ भागने लगी इधर-उधर, लेकिन उसके पास कोई शक्ति नहीं थी। उससे बचने कि और ना ही यह बताने की उसके साथ क्या हो रहा? जिससे उसकी दूसरी बहनों को महल में पता चल सके कि वह एक वेवश कुत्ते के रूप में विवश जादूगर कालिया के इसारे का अनुगमन कर रही है। जैसे ही जादुगर कालीया महल के दरवाजे से पहूंचा, नौकरों ने उससे पुछा, तुमने इस छोटे से कुत्ते को कहाँ से लिया? "और उसने जवाब दिया," राजकुमारियों में से एक ने मुझे इसे एक उपहार के रूप में दिया है। "इसके सुनते ही नौकरों ने और कुछ पुछे वगैर उसको महल के दरवाजे से बाहर जाने की अनुमती दे दी।

इसके कुछ समय के बाद सुनयना की दूसरी छोटी छः बहनो नें अपने भान्जे के रोने कि आवाज को सुना और जब वह सिढ़ीयों से चढ़ कर उसके कमरे में गई। तो उन सबने देखा कि वहा कमरे में कही भी सुनयना दिखाई नहीं दे रही थी। फिर उन सबने नौकरो से पुछताछ की और जब उन्होंने सुना कि एक फकिर और उसके काले कुत्ते के बारे में, फिर उन सबने अन्दाज लगाने का प्रयाश किया कि सुनयना के साथ क्या हुआ था? उन्होंने नौकरों को हर दिशा में उन सब की तलाश करने के लिये भेजा, लेकिन उन सब को कही भी ना वह फकिर ही मिला ना ही उसका काला कुत्ता ही मिला, वह सब

निराश हो कर महल में वापिस आगये। वेचारी छः औरते क्या कर सकत थी? उन सबने अपनी बहन और अपने दयालु पतियों की हर प्रकार से आशा को छोड़ दिया। अपना सारा ध्यान सुनयना के वेटे के परवरिश और उसकी देखभाल के साथ उसकी शिक्षा दिक्षा में लगा दिया।

समय गुजरता रहा और सुनयना का पुत्र १४ साल का हो गया, फिर एक दिन उसकी चाची ने उसको अपने परिवार का इतिहास बताया। इसको सुनने के बाद वह अपने पिता, अपनी माँ और अपने चाचओं को खोजने के लिये अत्यधिक उत्सुक होगया। और इसके साथ उसने दृढ़ संकल्प किया कि वह बाहर संसार में जाकर उन सब कि तलास करने करेगा। और इसके लिये उसने अपनी इस इच्छा को भी अपनी चाचियों के सामने जाहिर किया। और यदि वह अपने माता-पिता और चाचाओं को कही पर जीन्दा मिल गये तो उन सबको अपने घर पर वापिस लायेगा। उसकी चाचियों को उसके दृढ़संकल्प के बारें में जानकारी जब होगई, तो उन सब ने उसे रोकने के लिये प्रयाश करने लगी। और वह चाहती थी इसका यह विचार बदल जाये, इसके लिये उन्होंने राजकुमार से कहा हम सबने अपने पतियो को-खो दिया है। अपनी बहन को खोदिया, है और उसके पति को भी खो चुकी हूँ। अगर तुम यहाँ से बाहर गए, हो सकता तुम भी खो जाओ तो हम सब किसके सहारे यहाँ पर जीन्दा रहेगे, और क्या करेगे? लेकिन उस लड़के ने अपनी चाचियों उत्तर दिया, मैं तुम सब से प्रार्थना करता हूँ कि तुम सब लोग मुझे निरुत्साहित मत करो, मैं जल्दी ही वापिस आउंगा। अगर यह संभव हुआ तो मैं अपने साथ अपने माता पिता और चाचाओं को भी ले कर आउंगा। तो फिर इस तरह से वह अपनी यात्रा पर चल पड़ा, लेकिन कई महिनो तक वह कुछ भी नहीं समझ सका कि किस प्रकार से वह अपने सम्बंधियों को तालश कर सकता है।

और अंत में जब उसने हजारों किलोमिटर की थकाने वाली यात्राओ कों पुरा कर लिया। और पुरी तरह से लगभग जब वह निराश हो चुका था। उसको अपने माता-पिता और चाचाओं के बारें में किसी प्रकार कि कोई सुचना कही भी प्राप्त नहीं हूई। इसी बीच वह एक ऐसे देश में पहूंचा जो पुरी तरह से पत्थरों का देश था। वड़ी बड़ी चट्टाने, वृक्ष, इसके अतिरिक्त एक बहुत बड़ी पत्थर कि उंची कठोर इमारत थी, जिसके एक किनारे पर एक छोटा-सा मकान था जिसमें एक माली रहता था।

जब वह देख रहा था तभी माली की पत्नी ने उसको देख लिया, और भाग कर अपने घर से बाहर आई और कहा मेरे प्रिय बच्चे तुम कौन हो, और तुम ने इस खतरनाक स्थान पर आने कि हिम्मत के साथ साहस कैसे किया? उस लड़के ने कहा कि मैं एक राजा का बेटा हूँ। और मैं यहाँ अपने पिता और अपने चाचाओं की तलाश में आया हूँ, मेरी माँ को एक दुष्ट जादूगर ने डरा धमका कर कुत्ता बना कर अपने साथ ले गया है।

माली की पत्नी ने कहा कि यह देश और यह स्थान एक महान जादूगर का ही है। उसके पास हर प्रकार की शक्तीयाँ है जो भी व्यक्ती उसकी आज्ञा का उलंघन करता है, या उसका अपमान करता है, तो वह अपनी जादु की शक्ति से उसको पत्थर या वृक्ष बना देता है। यहाँ पर जो तुम सभी प्रकार के वृक्ष और पत्थर देख रहे हो, यह सब कभी जीवीत प्राणी हुआ करते थे। इन सबको हमारे मालिक जादुगर ने

अपने शक्ति से इस रूप में बना दिया है। कुछ समय पहले एक राजा यहाँ आया था। उसके कुछ समय के बाद उसके छः भाई भी यहाँ पर आये थे। और उन सब को जादुगर ने पत्थर और वृक्ष में परिवर्तित कर दिया है। और केवल यही दुर्भाग्यशाली लोग नहीं थे, इसके अतिरिक्त एक बहुत सुन्दर रानी भी है। जिसको इस बड़े इमारत में जादुगर ने कैद कर के रखा है। जिसको उस जादुगर ने पिछले बारह सालों से कैद किया है। क्योंकि वह जादुगर से नफरत करती है, और जादुगर उससे शादी करना चाहता है।

फिर छोटे राजकुमार ने विचार किया, अवश्य ही यह सब मेरे माता-पिता और मेरे चाचा ही है। मैंने उन सब को अन्त में पा हि लिया, जिसके लिये मैं भटक रहा था। इस तरह से उसने अपनी कहानी उस माली की पत्नी से कहा और उससे प्रार्थना के साथ उससे विनती की वह उसकी सहायता करे। इन सब वेकसुर और लाचार लोगों के बारें में और अधिक जानकारी को प्राप्त करने के लिये। और इस अप्रसन्न आदमी के बारे में जिसके बारे में अभी आपने बाताया है और उस माली की पत्नी ने उसका साथ देने का लिये वादा किया। इस तरह से वह दोनो आपस में मित्र बन गये। और माली की पत्नी ने उसको उसका रूप बदलने के लिये सुझाव दिया। क्योंकि जादुगर उसको देखते ही उसे पत्थर में बदल देगा। इस पर राजकुमार तैयार होगया, इस तरह से माली की पत्नी ने उस राज कुमार को अपनी साड़ी को पहना दिया और यह बहाना किया की वह उसकी पुत्री है।

इसके थोड़े समय के बाद ही एक दिन, जैसे ही जादुगर कालीया अपने सुन्दर बगिचे में घुम रहा था। उसने एक छोटी लड़की को देखा (ऐसा उसने विचार किया) जो वहाँ वगिचे में खेल रही थी। तब उस जादूगर ने माली कि पत्नी को अपने पास बुलाया और उससे पुछा कि वह लड़की कौन है? माली कि पत्नी ने कहा कि वह उसकी पुत्री है। इस तरह से जादुगर और उस राजकुमार की पहली मुलाकात होती है। जो एक लड़की के भेष में जादुगर से अपनी पहचान छुपा कर मिलता है। और जादुगर उसको देख कर उसके कहता है, कि तुम बहुत ही सुन्दर हो, कल सुबह तुम मेरा उपहार लेकर बड़ी इमारत में जाओगी, वहाँ रहने वाली सुन्दर औरत के लिये।

छोटा राजकुमार इसको सुनकर बहुत ही खुश हुआ और तुरंत ही वह माली की पत्नी के पास गया। और इसके बारे में उसको बताया। उसके साथ विचार विमर्श करने के बाद उसने निश्चय किया की उसके लिये छद्म भेष में रहना ही फायदेमन्द होगा। और इसी विश्वास के साथ अपनी माँ से कुछ सम्बंध, इसी तरह से स्थापित करने के लिए, अनुकूल अवसरों की संभावना को सुरक्षित रखने के लिए भी यही सुरक्षित होगा, कि वह वास्तव में मेरी माँ है।

जब सुनयना की शादी राजकुमार के साथ हुई थी, तो राजकुमार ने उसको एक छोटी-सी अंगुठी दी थी जिस पर उसका नाम लिखा हुआ था और उस अंगुठी को सुनयना ने अपने पुत्र की अंगुली में पहना दिया था। जब उसका पुत्र छोटा बच्चा था। जब उसका पुत्र समय के साथ बड़ा हुआ तो उसकी चाचियों ने उस अंगुठी का आकार राजकुमार के उंगली के साईज का बनवा कर उसकी उंगली में पहना दिया था। इस तरह से वह अंगुठी अब भी उस राज कुमार ने अपनी उंगलि में पहन रखी थी। माली की पत्नी ने राजकुमार को सुझाव दिया की कुछ ऐसा जो इस गुलदस्ते में छुपा कर रख दो, जिससे तुम्हारी माँ तुमको यथा सिघ्र पहचान जाये । यह सब बिना किसी समस्या या कठिनाइ के संभव

नहीं होगा। जैसा की एक कठोर दरवान हमेंशा वेचारी राजकुमारी की उपर नजर रखता है। (उसे अभी अपने दोस्तों के साथ संचार स्थापित करने का डर भी हो रहा था) यद्यपी माली के पुत्री के रूप में राजकुमार को रोज फुलों का गुलदस्ता अपनी माँ तक पहूंचाने का मौका मिल चुका था। जादुगर की एक दाशी हमेंशा उसकी माँ के कमरें में हर वक्त रहती थी। अन्त में एक दिन किस्मत ने उस राजकुमार का साथ दिया। और उसको एक ऐसा मौका मिल ही गया, जब कमरे में केवल उसकी माँ के अतिरिक्त और कोई दूसरा व्यक्ती नहीं था। और जब कोई भी उसको नहीं देख रहा था तो उसने अपनी उंगली से अंगुठी को निकाल कर उसे फुलों के गुच्छे में बांध कर अपनी माँ सुनयना के कदमो में डाल दिया। इस अंगुठी के जमिन पर गिरते ही एक ठन्न की आवाज हुई, जिसने सुनयना को निचे उस फुल के गुच्छे कि तरफ आकर्षित किया। सुनयना ने देखा ऐसा क्या इन फुलों के अन्दर है? जो यह विचित्र आवाज कर रहा है। जिसमें उसने एक छोटी-सी अंगुठी को फुलों के साथ बंधा हुआ पाया। उस अंगुठी को पहचाने ही उसको अपने पुत्र के द्वारा वताई गई कहानी पर तुरन्त विश्वाश हो गया। कि उसने कितना अधिक खोज करने के बाद उसको प्राप्त कर लिया है। उसे बचाने के लिए कोशिश किया। और अपने जीवन को खतरे में डाल के पुत्र ने अपनी माँ से कहा कि जो भी उसके लिये अच्छा और शुभ हो। जिसके द्वारा वह अपने माता-पिता और चाचाओं को दुष्ट जादुगर कालीये के काले जादु से मुक्त कराने में सफल हो सके। वह उसको बतायो, उसकी माँ ने उससे कहा कि पिछले लंबे बारह सालो सें उस जादुगर ने मुझे इस तरह से कैद कर के इस इमारत के सारे दरवाजो को बन्द कर के रखा है। क्योकि वह मुझसे विवाह करना चाहता है और मैंने उससे विवाह करने से मना कर दिया है। और उसकी दाशी इतनी निकटता से मेरी रक्षा कर रही है, कि उससे रिहाई की मुझे कोई उम्मीद नहीं दिखाई दे रही है।

यद्यपी सुनयना का पुत्र अब बहुत वुद्धिमान और चालाक था, इसलिये उसने अपनी माँ से कहा, जो पहली वस्तु तुमको करनी है, वह यह कि तुम यह पता कर के बताओ कि कालिया जादूगर के जादू की शक्ती का विस्तारा कहा तक है। केवल इसी तरह से हम अपने पिता और चाचा को इस दुष्ट कालीये के काले जादु से मुक्त कराने में सफलता प्राप्त कर सकते है। जो इस समय इसके कैद में पत्थर और वृक्ष के रूप में है। तुमने लंबे बारह सालो तक कालीया जादुगर से केवल क्रोध और कठोरता के साथ ही बात किया है। अब तुम उसके साथ उदारता और प्रेम के साथ बात करो। उसे बताओ कि अपने पति का मैंने इतने लंबे समय तक शोक किया और फिर अब मैं तुमसे शादी करने को तैयार हूँ। फिर पता लगावो की उसकी शक्ति क्या है और क्या वह अमर है? या उसे मार डाला जा सकता है।"

सुनयना ने अपने बेटे की सलाह लेने का निश्चय किया और अगले दिन कालीया जादुगर के लिए संदेश भेजा और उससे बात की, जैसा उसके पुत्र के द्वारा उसको सुझाव दिया गया था।

जादूगर, यह सुन कर बहुत प्रसन्न हुआ, शादी करने के लिए जल्द से जल्द कहा और इसके बाद महल में चलने के लिए अनुमति देने के लिए सुनयना से विनती की, लेकिन उससे सुनयना ने कहा कि इससे पहले कि वह उससे शादी करे, उसको-उसे थोड़े और अधिक समय देना चाहिए। जिससे वह आपस में परिचित हो सकते है और यह कि दुश्मनों के इतने लंबे होने के बाद, उनकी दोस्ती का स्तर भी और मजबूत हो सकता है। "और मुझे बताओ," उसने कहा, "क्या आप पूरी तरह से अमर हैं? क्या

मृत्यु आपको कभी नहीं छू सकती है? और क्या आप मानव जाति को महसूस करने के लिए एक महान जादूगर हैं?"

जादुगर ने कहा ऐसा "तुमने क्यों पूछा?"

"क्योंकि," उसने जवाब दिया, "अगर मैं आपकी पत्नी हूँ, तो मैं आपके बारे में सब कुछ जानना चाहुंगी, यदि कोई आपदा आपके उपर आधमकती है, तो उस पर काबू पाने के लिए, या यदि संभव हो तो इसे टालना।"

"यह सच है," कालीया जादुगर ने कहा, "मैं दूसरों के रूप में नहीं हूँ। दूर से दूर, यहां से सैकड़ों मील की दूरी पर, वहाँ एक जंगल वाला देश है जो घने जंगल से ढंका है। जंगल के बीच में एक गोला है। जहाँ पर केवल ताड़ के पेड़ विद्यमान हैं। और उस ताड़ के वृक्षों के घेरे के केंद्र में छह बड़े पानी से भरे हुए तालाब है, जो एक दूसरे के ऊपर गिरते है, छठे तालाब के नीचे एक छोटा पिंजरा है, जिसमें एक हल्का हरा रंग का तोता है। उसी तोते के जीवन पर मेरा जीवन निर्भर करता है। तोते के मर जाते ही मुझे मरना होगा। हालांकि, जादुगर ने कहा," यह असंभव है कि तोते को किसी भी प्रकार से चोट पहूंचाया जा सके। उस तोतो को सुरक्षित बनाए रखने लिये, मैने दोनों देश को एक दूसरे देश से बहुत दूर कर दिया है। इसके अतिरिक्त उस देश और तोते की रक्षा के लिये मैने हजारों जीन्नो को वहां पर नियुक्त कर दिया है। जो भी उसके पास नजर आयेगा तुरंत मार दिया जायेगा। वहां कोई पहूंच ही नहीं सकता है।

सुनयना ने अपने ने अपने बेटे को दुष्ट कालीया जादुगर के बारे में जो भी जाना था वह सब कुछ उससे बता दिया। लेकिन एक ही समय में उसे तोते को पाने के सभी विचार को छोड़ने के लिए भी अपने पुत्र को मजबूर किया।

राजकुमार ने जवाब दिया, "माँ, जब तक मैं उस तोते को पकड़ नहीं लेता, तुम और मेरे पिता और चाचा मुक्त नहीं हो सकते, डरो मत, मैं जल्द ही वापस आऊंगा। क्या आप इस बीच में जादूगर को अच्छे हास्य-के साथ अब भी तुम उसके साथ विवाह पर अपने विवाद चालु रख सकती हो? और इससे पहले कि वह देरी के कारण का पता लगाए, मैं यहाँ आ जाउंगा।" यह कह कर, वह चला गया।

थकाने वाले की सैकड़ों मिल की यात्रा करने के बाद राजकुमार, आखिर में एक बहुत घने जंगल में पहूंचा, तब तक वह बुरी तरह से थक चुका था। जिसके कारण वहीं पर एक बड़े छाया दार वृक्ष के निचे बैठ कर आराम करने लगा, जहाँ पर उसको कुछ ही समय में सुन्दर मनोरम हवावों के झोकों के कारण निद्रा आगई। उसकी निद एक मधुर स्वर ध्वनियों के सुनने कारण खुल गई। और वह राजकुमार जहाँ से ध्वनी आ रही थी उस तरफ देखा, जहाँ पर उसके निगाह के सामने एक विशाल सर्प जो उस पृक्ष पर चढ़ने का प्रयाश कर रहा था। जिस वृक्ष के निचे राजकुमार सोया हुआ था, उसी वृक्ष के उपर शाखाओं पर एक चिल जोड़े ने अपना घोसला बना रखा था। जिसमें उस चिल के दो छोटे बच्चे बैठे हुए थे। जब राजकुमार ने उन चिल के दो निर्दोष बच्चे पर आने वाले संभावित खतरें को देखा, तत्काल

राजकुमार ने अपनी तलवार को निकाला और सर्प के टुकड़े कर के मार दिया। ठीक उसी समय राजकुमार ने हवा में सरसराहट की आवाज को सुना। जिसके साथ दो वृद्ध चिल राजकुमार के सामने आकर खड़े हो गए। जो अपने बच्चों के लिये भोजन लाने के लिये शिकार पर गये थे, अपने बच्चों को घसलें में छोड़ कर, उन्होंने जल्दी ही मरे हुए सर्प को देखा और उसके ही समिप पर खड़े हुए राजकुमार को भी देखा। और उन चिलों में से वृद्ध चिलों की माँ ने राजकुमार से कहा प्रिय पुत्र यह क्रुर निर्दई सांप पिछले कई सालों से इसी तरह से मेरे निर्दोष बच्चों खा कर अपना पेट भरता था। लेकिन तुमने आज मेरे बच्चों का जीवन बचा लिया सांप को मार कर, जब भी तुमको किसी प्रकार कि ज़रूरत पड़े, तुम हमें याद करना और हम तुम्हारी सेवा के लिये अवश्य उपस्थित होगे। और तुम इन दोनो हमारे बच्चों को अपने साथ ले जाओ अपने सेवक की तरह से, इस पर राजकुमार बहुत अधिक प्रसन्न हुआ। और इसके बाद उन दो चिलो ने अपने पंखों को फैलाया कर उस पर राजकुमार को बैठा लिया। और उसे ले कर वह आकाश मार्ग से यात्रा करने लगे। वह उस राज कुमार को बहुत दूर तक अपने पंखो पर बैठा कर ले गये। जब वह उस घने जंगल में पहूंच गए, जहाँ पर गोल घेरे में उगे हुए बहुत सारे ताड़ के पेड़ कतार से खड़े हुऐ थे। आकाश में अपने सर को उठाये हुए. उनके मध्य में छः पानी से भरे तालाब भी थे। यह दिन के दोपहर का समय था और इस समय गर्मि बहुत अधिक पड़ रही थी। चारों तरफ वृक्षों पर बैठे सभी जीन, राक्षस और शैतान निर्द्वन्द निसंक हो कर गहरी निद्रा में सो रहे थे। वे सब अनगिनत हजारों की संख्या में थे, यह किसी भी व्यक्ती के लिये असंभव था कि कोई व्यक्ती इन दैत्यों और शैतानो से आमने सामने की लड़ाई करके इनको परास्थ कर पाये। इसी बिच चिल अपने मजबुत पंखों के साथ निचे कि तरफ उतरने लगे, जब वह जमिन से थोड़ा ही उपर थे तभी राजकुमार चिल के पंख से निचे जमिन पर कुद पड़ा। और चिलो के साथ मिलकर राजकुमार ने केवल एक ही प्रयाश में उन सभी छ पानी से भरे तालाबों को प्रदुषित कर दिया, औऱ उसके अन्दर से जाने वाली सिढ़ियों से हो कर राजकुमार उस हल्के रंग वाले सुग्गे के पास पहूंच गया। और उस सुग्गे को कपड़े में लपेट कर अपने लबादे की जेब में डाल लिया। और जैसे ही राजकुमार चिल के पंखों पर सवार हो कर आकाश मार्ग से अपनी यात्रा को चला, तभी निचे सभी जिन अपनी निद्रा से जाग गये। और वह सब चिल्लाने लगे, उन सब में अफर-तफरी मच गई। जब उन्होंने पाया की उनका खजाना गायब हो चुका है, जिसके साथ ही एक जंगली और उदासीन चीख़ की जंगल में स्थापना हुई।

बहुत दूर सैकड़ों मिल की यात्रा में उड़ने के बाद वह चिल अपने उस घर पर आगये। जहाँ पर वह विशाल वृक्ष था, जिस पर उनका घोसला बना हुआ था। फिर राजकुमार ने वृद्ध चिलों से कहा कि आप अपने इन छोटे चीलों को वापिस ले लीजिए। इन्होंने मेरे लिये बहुत अच्छा कार्य किया है। अगर मुझे कभी इनकी ज़रूरत पड़ी तो मैं अवश्य इनकी सेवा को लुगा। और आपसे सहायता लेने में कभी भी नहीं हीचकुंगा। फिर राजकुमार ने अपने पैरों के द्वारा अपनी यात्रा को शुरु कर दिया। और तब तक चलता रहा जब तक कि वह एक बार पुनः दुष्ट जादुगर कालीया के महल तक नहीं पहूंच गया। और वहाँ महल के दरवाजे के पास निचे वगिचे में बैठ कर सुग्गे के साथ खेलने लगा। जादूगर कालीया ने उसे अपने महल की खीड़की से देखा और तुरन्त भाग कर वह राज कुमार के पास आया। और कहा मेरे बच्चे तुम ने इस सुग्गे को कहा पर पाया? तुम इस सुग्गे को मुझको दे दो ,इसके लिये मैं तुमसे विनती करता हूँ।

लेकिन राजकुमार ने उत्तर दिया जादुगर को, ओह नहीं मैं अपने सुग्गे को तुमको नहीं दे सकता हूँ। यह कई सालों से मेरा प्रिय पालतु पक्षी है। फिर जादुगर ने कहा अगर यह तुम्हारा पुराना मनपसंद पक्षी है, तो मैं समझ सकता हूँ कि तुम इसको मुफ्त में नहीं दोगो, तो तुम स्वयं कि बताओ इस सुग्गे की क्या किमत लेना चाहते हो?

राजकुमार ने कहा साहब मैं अपने इस प्यारे सुग्गे को बेच भी नहीं सकता हू।

इससे जादुगर कालिया बहुत अधिक भयभित होगया, और कहा कि तुम इसके बदले में मुझसे कुछ भी ले सकते हो वश मुझे तुम यह सुग्गा दे दो। तब राज कुमार ने कहा ठीक है, तो सबसे पहले उन सात राजाओं को मुक्त करो जिसको तुमने पत्थल और वृक्ष बनाया है।

जादुगर ने कहा चलो ठिक तुम्हारी इच्छा पूर्ण हो, तुम केवल मुझे यह सुग्गा दे दो, इसके साथ ही सुनयना के पति समेत और दूसरे उसके छः राजा भाई अपने प्राकृतिक रूप में वापिस आगये। फिर कालिया जादुगर ने कहा मुझे यह सुग्गा अब दे दो।

लेकिन राजकुमार ने कहा इतना जल्दी भी क्या है? पहले तुम उन सभी लोगों को आजाद करों जिसको भी तुमने अपने कैद में रखा। कालिया जादुगर ने कहा ठीक है, और उसने अपनी छड़ी को घुमाया सब के सब प्राणी जो कभी पत्थर और वृक्ष थे वह सब अपने-अपने प्राकृतिक शरीर में वापिस आगये।

फिर जादुगर ने अपने हाथ जोड़ कर रोते हुए विनती किया, राजकुमार से की अब तो तुम मुझे यह सुग्गा दे दे, इसके साथ वह पुरा का पुरा वगिचा जो कुछ समय पहले पत्थरों और वृक्षो से भरा था। वह चारो तरफ मानव जीवन की खुशबु से आलोकित होने लगा। सब कुछ जीवीत होगया था। और शांसे लेने लगा था, राजा, पंडित, नौकर, चाकर, सेवक, सरदार, घोड़े, हाथी, सैनिक इत्यादी और घोड़े चलाने के लिए ताकतवर पुरुष, आभुषणो से सुसज्जीत और सशस्त्र अभिकर्ताओं के साथ सैनिक टुकड़िया भी।


जादुगर ने रोते हुए फिर कहा कि मुझे यह सुग्गा अब दे दो, राजकुमार ने सुग्गे को और शक्ति से पकड़ लिया और उसके एक पंखे को जोर लगा कर उसके शरीर से अलग कर दिया, इसके साथ ही दाहिना हाथ जादुगर कालीया का भी उसके शरीर से अलग गया।

फिर जादूगर कालीया ने अपने बायें हाथ को फैला कर राजकुमार से विनती की मुझ यह सुग्गा दे दो, राजकुमार ने सुग्गे के बायें पंख को उसके शरीर से उखाड़ कर कालीया के समिप फेक दिया। जिसके साथ जादुगर का भी बायाँ हाथ उसके शरीर से उखड़ कर दूर जा गिरा।

मुझे मेरा सुग्गा दे दो यह कहते हुऐ कालिया जादुगर अपने घुटनों पर गिर पड़ा, राजकुमरा ने सुग्गे के पहेल दायें फिर बायें पैर को उसके शरीर से उखाड़ दिया, जिसके साथ कालीया जादुगर का भी दोनो पैर उसके शरीर से उखड़ कर उससे दूर जा पड़े।

जब कालीया जादूगर के शरीर का कोई अंग उसके साथ नहीं रहा तो वह अपनी आखों को घुमाते हुए, और रोतो हुऐ कहा कि मुझे मेरा सुग्गा मुझे दे दो, राजकुमार ने सुग्गे का सर पकड़ कर मरोड़ दिया, जिससे उस सुग्गे के प्राण पखेरु उसके शरीर से बाहर निकल गये। इसके साथ ही राजकुमार ने वह सुग्गा कालीया जादुगर के पास फेंक दिया लेकिन जादुगर कालिया के भी प्राण पखेरु भी एक भयंकर गुर्गुराहट के साथ उसके नस्वर शरीर को छोड़ कर जा चुके थे जिससे वह मर चुका था।

इसके बाद राजकुमार के पिता ने अपनी पत्नी सुनयना को बड़ी इमारत से मुक्त किया। और इस तरह से राजकुमार अपने सभी सम्बधियों के साथ अपने देश के लिये प्रस्थान किया और दूसरे सभी लोग भी अपने-अपने देश और नगर घर की तऱफ चल पड़े।



आचार्य मनोज पाण्डेय

Gyanvigyanbrhamgyan98@gmail.com

Manojpandey94@gmail.com

09467557954, 7084768943